Website : www.mantrabharat.com

जुनून है सच लिखने का

E-Mail : mantrabharatmumbai@gmail.com, Mo. 7007837917

संस्करण : मुंबई
वर्ष : 10
अंक : 260
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00
शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज एवं ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित एवं ठाणे, नवी मुम्बई, पालघर, नासिक एवं पुणे से प्रसारित



3 कृषि और विपणन में वन-आधारित आजीविका ...
4 मोदी के तख्तापलट की चीनी साजिश...
7 एशिया कप 2025 : भारतीय क्रिकेट को ...

## नवरात्रि का पांचवाँ दिन

# मां स्कंदमाता

### स्कंदमाता से जुड़े रोचक तथ्य

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार स्कंदमाता, मां पार्वती का ही रौद्र रूप हैं. इस संबंध में यह कथा बताई गई है कि एक बार कुमार कार्तिकेय की रक्षा के लिए जब माता पार्वती क्रोधित होकर आदिशक्ति रूप में प्रगट हुईं तो इंद्र भय से कांपने लगे. इंद्र अपने प्राण बचाने के लिए देवी से क्षमा याचना करने लगे. चूंकि कुमार कार्तिकेय का एक नाम स्कंद भी है तो सभी देवतागण मां दुर्गा के रूप को मनाने के लिए उन्हें स्कंदमाता कहकर पुकारने लगे और उनकी स्तुति करने लगे. तभी से मां दुर्गा मां के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता कहा जाने लगा, और उनकी पूजा 5वीं अधिकष्ठात्री के रूप में होने लगी.



स्कंद माता की सही पूजा विधि

स्कंदमाता की पूजा ब्रह्म मुहूर्त में करने से ज्यादा अच्छे फल प्राप्त होते हैं. इसके लिए आप सुबह उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें. इसके बाद आपको स्कंदमाता की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराना चाहिए, और फिर आप उन्हें पुष्प और भोग आदि अर्पित कर सकते हैं. स्कंदमाता को केले का प्रसाद चढ़ाया जाता है. यदि केला नहीं है तो बताशे का प्रसाद भी आप स्कंदमाता को चढ़ा सकते हैं.

**स्कंदमाता के लिए भोग और मंत्र**

भक्त स्कंदमाता को भोग में केले का भोग लगा सकते हैं, जबकि मंत्र कुछ ऐसा हैः

या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।

# सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में 2,458 मेगावाट क्षमता वाली 454 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन

मुंबई। सौर ऊर्जा परियोजनाएँ दिन में कृषि को बिजली प्रदान कर रही हैं, जिससे किसानों की आर्थिक आय दोगुनी हो रही है। हालाँकि, किसानों को प्राकृतिक खेती पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और कम लागत में अधिक आय देने वाली फसल पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। कृषि के लिए स्वास्थ्य संरक्षण के उपाय समय की माँग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में रोज़गार सृजित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टेलीविज़न कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में 2,458 मेगावाट क्षमता वाली 454 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे।

राजस्थान के बांसवाड़ा में ऊर्जा और विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण बांद्रा पूर्व स्थित प्रकाशगढ़ से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र, महानिमिति के प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन बी, राज्य में पीएम कुसुम सी - मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 और पीएम कुसुम सी - मगेल टू सौर कृषि पंप योजना के लाभार्थी किसान उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विभिन्न लाभार्थियों से बातचीत की।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कई लाभ हैं। किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली मिल रही है और बारहमासी पानी की आपूर्ति भी हो रही है। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है। अब किसानों को रसायन मुक्त खेती पर ध्यान देना चाहिए। शून्य लागत खेती को भी महत्व दिया जाना चाहिए। शून्य बजट प्राकृतिक खेती एक ऐसी कृषि पद्धति है जिसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग कम करके लागत कम की जाती है, जिससे किसानों का खेती में आर्थिक निवेश बचता है और मिट्टी की सेहत में सुधार होता है। साथ ही, पारंपरिक खेती के बजाय मौसमी खेती करना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत को एक लाख करोड़ रुपये का खाद्य तेल आयात करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए किसानों को खाद्य तिलहन की खेती करनी होगी। साथ ही, यह देखते हुए कि वर्तमान में बाजरे की भी अत्यधिक माँग है, यदि ऐसी फसलें उगाई जाएँ, तो किसानों की आय में वृद्धि होगी और किसान आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने किसानों से राज्य के राज्यपाल आर्चाय देवव्रत द्वारा प्राकृतिक खेती पर दिए जाने वाले व्याख्यान को अवश्य सुनने की अपील भी की।

कार्यक्रम के बाद, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सौर ऊर्जा परियोजना के विभिन्न लाभार्थी किसानों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से परिचय कराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों से बातचीत की और परियोजना की सफलता की कहानियों के बारे में जाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्यक्ष लाभार्थियों से बातचीत करके किसानों को परियोजना की सफलता की कहानियों के बारे में बताया। नासिक जिले के सतना तालुका के किकवारी के किसान सुनील सीताराम काकुलाटे ने पीएम कुसुम सी - मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के अंतर्गत 40 एकड़ भूमि को सिंचाई के अंतर्गत लाया। इससे उनकी आय में हर साल 2 लाख रुपये की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इससे 50 से 60 लोगों को रोज़गार मिला है।

अकोला ज़िले के बार्शी टाकली तालुका के भिंडी महल के किसान तुषार वानखेड़े ने 10 मेगावाट की प्रधानमंत्री कुसुम सी - मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना के तहत 6.5 एकड़ में सौर ऊर्जा परियोजना लागू की है। पहले रात में बिजली न होने से दिक्कत होती थी। खेती के लिए पानी की कमी के कारण चना जैसी फ़सलें उगानी पड़ रही थीं। उन्होंने बताया कि अब उन्हें पपीता और केला उगाकर 35,000 रुपये की बजाय 80,000 रुपये की आय हो रही है।

जालना ज़िले के जाफ़राबाद तालुका के सतेफ़द निवासी सूरत जटाले ने सौर कृषि पंप योजना के तहत पाँच एचपी का पंप लगवाया है। इस योजना से उनकी कृषि आय में काफ़ी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पंप लगने के बाद से उनकी वार्षिक आय 60,000 रुपये से बढ़कर 1.5 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने बताया कि परिवार के तीन लोग खेती में काम करते हैं और वे इससे होने वाले मुनाफे का इस्तेमाल अपने बेटे की पढ़ाई और खेती से होने वाली आय के लिए कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र का शांतिपूर्ण माहौल खराब न करें: नितेश राणे

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने नवरात्रि उत्सव के बीच राज्य के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने को लेकर आगाह किया है। राणे ने बुधवार को मुंबई के मानखुर्द इलाके में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित एक दुर्गा पंडाल के दौरे में कहा कि त्योहार के समय किसी को भी हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



गौरतलब है कि रविवार रात मानखुर्द में देवी दुर्गा की मूर्ति को कथित तौर पर अपवित्र किए जाने के बाद तनाव बढ़ गया, जिसके कारण दो समूहों के बीच झड़प हो गई। राणे ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ महायुति एक हिंदुत्ववादी सरकार है, जो हिंदू वोटों के समर्थन से चुनी गई है, और जो लोग गोल टोपी पहनते हैं, उन्होंने इसे वोट नहीं दिया। भाजपा नेता ने राज्य का शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने के खिलाफ आगाह करते हुए कहा, आप अपने त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं, हम अपने त्योहार मनाएंगे। हमारी तरफ आंख उठाकर मत देखिए। मंत्री ने कहा, हम मुंबई का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को त्योहार मनाने के लिए अनुमति चाहिए तो उन्हें सरकार से संपर्क करना चाहिए और तुरंत अनुमति दे दी जाएगी। राणे ने कार्यक्रम के दौरान महाआरती में भाग लिया।

# सेना में महिला अफसरों के स्थायी कमीशन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

नई दिल्ली। सेना में महिला अफसरों के स्थायी कमीशन से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की अपनी नीति का बचाव किया। केंद्र ने कहा कि इस पहलू पर शीर्ष अदालत के फैसलों का बिना किसी भेदभाव के पालन किया जा रहा है।



न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जल भुयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सेना के 84 अधिकारियों से जुड़ी याचिका अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) का मामला 13 महिला अफसरों से जुड़ा है। उन्होंने स्थायी कमीशन से वंचित किए जाने को चुनौती दी है। इनमें लेफ्टिनेंट कर्नल वनीता पाधी, लेफ्टिनेंट कर्नल चंदनी मिश्रा, लेफ्टिनेंट कर्नल गीता शर्मा और अन्य अफसर शामिल हैं, जिन्होंने कठिन और संवेदनशील इलाकों में तैनाती के बावजूद स्थायी कमीशन नहीं पाया।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र और सेना की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि बबीता पुनिया मामले में 2020 के फैसले और नितिशा मामले में 2021 के फैसले ने वास्तव में नीति को बरकरार रखा है। जो भी दोष अभी भी थे और अदालत द्वारा बताए गए थे, उन्हें ठीक कर दिया गया था। कोई भी प्रक्रिया सभी को संतुष्ट नहीं कर सकती और हमेशा असंतोष बना रहेगा। उन्मूलन भी सेना को युवा बनाए रखने की नीति का हिस्सा है और इसे बिना किसी भेदभाव के सभी पर समान रूप से लागू किया जाता है।

इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि सेना ने स्थायी कमीशन पर अपनी नीति में सुधार कर लिया है और जो भी खामियां थीं, उन्हें नितीशा फैसले के बाद दूर कर दिया गया है। पीठ ने कहा कि वह नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक बल से स्थायी कमीशन से संबंधित इसी प्रकार की याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी।

# चांदनी चौक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार की जरूरत : मुख्यमंत्री गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को चांदनी चौक में उचित सफाई व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों से इलाके को साफ-सुथरा रखने का निर्देश दिया। गुप्ता ने आज सुबह चांदनी चौक में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत श्रमदान में भाग लिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि चांदनी चौक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमने चांदनी चौक को इसलिए चुना क्योंकि यह एक विरासत स्थल है। यहां रोजाना लाखों लोग आते हैं। यहां धार्मिक स्थल भी हैं और नवरात्र के दौरान कई शोभायात्राएं भी इस क्षेत्र से होकर गुजरती हैं।''

मुख्यमंत्री ने इलाके में पान की पीक के निशान और कूड़ेदानों की कमी की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, ''मैंने अधिकारियों को इलाके में सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। लेकिन लोगों को भी अपने आसपास सफाई सुनिश्चित करनी होगी। अगर किसी दुकानदार का कर्मचारी आस-पास के इलाके को गंदा कर रहा है, तो उन्हें उसे ऐसा न करने के लिए कहना होगा। अगर कोई दुकानदार ऐसा कर रहा है, तो उसके पड़ोसी दुकानदार को उसे समझाना होगा।''

गुप्ता ने यह भी कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे उनके पोस्टर दीवारों पर न लगाएं।

# प्रियंका की रैली से कांग्रेस के इस चुनाव अभियान की होगी शुरुआत, बड़े नेताओं को मिले ये टास्क

पटना। आजादी के बाद बिहार में पहली बार हुई कांग्रेस की कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के जरिए पार्टी ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने बिहार की चुनावी रणनीतियों के अलावा व्यापक संगठनात्मक, राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक में आगामी चुनौतियों को देखते हुए मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी आवाज को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।



आने वाले दिनों में कांग्रेस भाजपा की तर्ज पर बिहार के हर गांव, जिले और बड़े शहरों में अपना प्रचार अभियान शुरू करने जा रही है। इसमें पार्टी के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। जो न केवल हर जिले में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएंगे। बल्कि विभिन्न मुद्दों पर प्रेस वार्ता कर भाजपा-जेडीयू को घेरते हुए भी नजर आएंगे। पार्टी के इस चुनावी अभियान की शुरुआत कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी करेंगी।

महिला संवाद कार्यक्रम करेंगी प्रियंका

26 सितंबर यानी शुक्रवार को प्रियंका गांधी बिहार पहुचेंगी। दोपहर 12 बजे राजधानी पटना के सदाकत आश्रम में महिला संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। चुनावी एलान से ठीक पहले प्रियंका का महिलाओं से संवाद बहुत मायने रखता हैं। क्योंकि बिहार की राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी और उनकी समस्याओं को सामने लाना कांग्रेस की प्रमुख एजेंडे में शामिल है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि प्रियंका गांधी का यह दौरा पार्टी को मतदाताओं के बीच सक्रियता दिखाने और चुनावी मैदान में ऊर्जा भरने का अवसर देगा।

पटना में प्रियंका गांधी आंगनबाड़ी और जीविका कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी, जिससे महिलाओं मतदाताओं के बीच कांग्रेस की पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश होगी। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा से मिले उत्साह को बनाए रखने और महिलाओं व वंचित वर्ग तक पहुंच बनाने के लिए प्रियंका की रैली कांग्रेस का बड़ा दांव माना जा रहा है।

### अजीज प्रेमजी ने ठुकराया सीएम सिद्धारमैया का अनुरोध

# 'विप्रो परिसर सार्वजनिक आवागमन के लिए नहीं'

बंगलूरू। विप्रो के संस्थापक और चेयरमैन अजीज प्रेमजी ने सीएम सिद्धारमैया की ओर से किए गए कंपनी के सरजापुर परिसर से सीमित वाहनों की आवाजाही की अनुमति देने के अनुरोध को ठुकरा दिया है। कंपनी के चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने कहा कि यह कंपनी के स्वामित्व वाली विशेष निजी संपत्ति है, यह सार्वजनिक आवागमन के लिए नहीं है। परिसर से सार्वजनिक वाहनों की आवाजाही की अनुमति देने से महत्वपूर्ण कानूनी, प्रशासनिक और वैधानिक चुनौतियां पैदा होंगी।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 19 सितंबर को अजीज प्रेमजी को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि बंगलूरू आउटर रिंग रोड पर बढ़ते जाम को कम करने की पहल के तहत कंपनी अपने कैंपस में वाहनों की सीमित आवाजाही की अनुमति दे। इस कदम से ट्रैफिक का दबाव घटेगा और आईटी कॉरिडोर में सफर करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।



सीएम सिद्धारमैया के पत्र के जवाब में अजीज प्रेमजी ने लिखा कि हम बंगलूरू में ट्रैफिक जाम जैसे गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए सीएम की सराहना करते हैं। लेकिन हमारे सरजापुर परिसर से सार्वजनिक वाहनों की आवाजाही की अनुमति देने के सुझाव पर हमारा रुख अलग है। इससे कंपनी के लिए गंभीर कानूनी, प्रशासनिक और वैधानिक चुनौतियों की आशंका है। क्योंकि यह कंपनी के स्वामित्व वाली एक विशेष निजी संपत्ति है, जो सार्वजनिक आवागमन के लिए नहीं है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह भी सराहनीय होगा कि हमारा सरजापुर परिसर एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) है जो वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है। हमारी संविदात्मक शर्तों में शासन और अनुपालन के लिए कड़े, गैर-परक्राम्य पहुंच नियंत्रण मानदंड अनिवार्य हैं। निजी संपत्ति के माध्यम से सार्वजनिक वाहनों की आवाजाही एक स्थायी, दीर्घकालिक समाधान के रूप में प्रभावी नहीं होगी। अजीज प्रेमजी ने कहा कि फिर भी विप्रो, बंगलूरू की चुनौतियों के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि सहयोगात्मक, डाटा-संचालित दृष्टिकोण से शहर के लिए सबसे प्रभावशाली परिणाम प्राप्त होंगे। प्रमुख आर्थिक केंद्र बनने के लिए ट्रैफिक की स्थिति, विशेष रूप से आउटर रिंग रोड, के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने जाति सर्वे रोकने से किया इनकार, कहा- आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जाने चाहिए

बंगलूरू। कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को चल रहे सामाजिक एवं शैक्षणिक सर्वेक्षण, जिसे आमतौर पर जाति सर्वे कहा जा रहा है, पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि सर्वे स्वैच्छिक होना चाहिए और एकत्र किए गए आंकड़े किसी भी सूरत में सार्वजनिक नहीं किए जाने चाहिए। साथ ही, सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि डेटा पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखा जाए।

मुख्य न्यायाधीश विभु बखरू और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की खंडपीठ ने कहा कि सर्वेक्षण रोकने की कोई वजह नहीं है। हालांकि, अदालत ने कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को यह आदेश दिया कि जनता को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि यह सर्वे वैकल्पिक है और कोई भी नागरिक जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं है।

सरकार की सख्ती का एलान

इसी बीच, कर्नाटक सरकार ने साफ किया है कि सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बताया कि बंगलूरू महानगर क्षेत्र में कार्रवाई का अधिकार जीबीए कमिश्नर को सौंपा गया है। जिलों में आदेश डीसी और जिला पंचायत सीईओ तक पहुंचाए जाएंगे।

तकनीकी खामियों से प्रभावित रफ्तार

22 सितंबर से शुरू हुआ यह सर्वेक्षण सात अक्तूबर तक चलेगा। पहले दो दिन सर्वर और नेटवर्क की दिक्कतों ने गणनाकर्मियों को परेशान किया।

# 'वैश्विक स्तर पर चमकी भारत की अर्थव्यवस्था', अमित शाह बोले- मोदी सरकार में गरीबों तक पहुंची बैंकिंग

मुंबई। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के विश्लेषक भारत की विकास गाथा को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में हुए सुधारों को ऐतिहासिक बताया। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र में उन सुधारों की शुरुआत की, जो वर्षों तक भ्रष्टाचार और अपारदर्शिता से ग्रसित रहा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने निर्णायक कदम उठाए।

शाह ने बताया कि बीते दस वर्षों में देश में 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। इसका उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को भी बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच दिलाना था। उन्होंने कहा कि इससे देश की आर्थिक संरचना मजबूत हुई। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहली बार नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) की जानकारी को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत किया। इससे न केवल बैंकों की कार्यप्रणाली में सुधार आया बल्कि निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा।

भारत की छवि मजबूत हुई



उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर और सुधारों ने वैश्विक स्तर पर देश की छवि को मजबूती दी है। अब दुनिया भारत को आर्थिक शक्ति के रूप में देख रही है। शाह ने भरोसा जताया कि आने वाले वर्षों में भारत और तेजी से विकास करेगा और विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

जीएसटी पर क्या बोले शाह?

शाह ने जीएसटी सुधारों पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी की पार्टी इसे अपना विचार बताती रही, लेकिन उनकी सरकार राज्यों को 14इ वृद्धि की गारंटी नहीं दे पाई। मोदी सरकार ने यह भरोसा दिलाकर इसे लागू किया। गृह मंत्री ने आगे कहा कि ग्रीन ग्रोथ और रक्षा उत्पादन भारत की विकास यात्रा के प्रमुख कारक होंगे। उन्होंने बैंकों से कहा कि भारतीय बैंक अब वैश्विक शीर्ष बैंकों में शामिल होने के लिए पैमाना बदलें।

भारत-अमेरिका वार्ता पर भी बोले शाह

इस दौरान शाह ने भारत-अमेरिकी वार्ता पर भी अपनी बात कई बाते रखी। केंद्र बनाने में निर्णायक साबित होगा।

# मालेगांव विस्फोट मामले से बरी होने के बाद लेफ्टिनेंट प्रसाद पुरोहित का प्रमोशन, अब बनाए गए कर्नल

मुंबई। मालेगांव विस्फोट मामले में बरी हुए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित का प्रमोशन हुआ है। वे अब कर्नल बनाए गए हैं। 31 जुलाई को एक विशेष एनआईए अदालत ने 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस में ले. कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी किया था। बता दें कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित मालेगांव में रमजान के महीने में एक जबरदस्त धमाका हुआ था। इस ब्लास्ट में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। नवंबर 2008 में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को एटीएस ने विस्फोट की साजिश में शामिल होने के आरोपों में गिरफ्तार किया था। 17 साल तक चली सुनवाई के बाद 31 जुलाई को एक विशेष एनआईए अदालत ने कर्नल प्रसाद पुरोहित को बरी किया था। विशेष एनआईए जज एके लाहोटी ने कहा था कि आरोपियों को दोषी करार देने के लिए विश्वसनीय सबूत पेश नहीं किए जा सके। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को संदेहों से अलग साबित करने में नाकाम रहा।

2008 मालेगांव ब्लास्ट केस में आरोपी रहे प्रसाद पुरोहित सेना में सेवारत अधिकारी हैं। महाराष्ट्र एटीएस का दावा था कि प्रसाद पुरोहित ने 2006 में अभिनव भारत संगठन की स्थापना में भूमिका निभाई थी। इसी संगठन के जरिए बम धमाकों के लिए फंड्स इकट्ठा किए गए। पुरोहित पर भी ब्लास्ट की साजिश रचने के लिए कई बैठकों में हिस्सा लेने का आरोप था। पुरोहित पर आरोप लगा था कि वह इन बैठकों में अलग झंडा और संविधान बनाने की बात कहते थे और इस्राइल या फिर थाईलैंड में एक निर्वासित सरकार बनाने का विचार प्रसारित करते थे।



# कृषि और विपणन में वन-आधारित आजीविका को बढ़ावा मिलेगाः नाबार्ड की भागीदारी - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

## गढ़चिरौली जिले में बुनियादी ढाँचे के लिए प्रायोगिक आधार पर मुख्य सड़कों के किनारे गोदाम

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

गढ़चिरौली जिले में ग्रामीण आदिवासी समुदायों की कृषि और वन-आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के लिए लघु वनोपज और अनाज के लिए मुख्य सड़क के किनारे प्रायोगिक आधार पर नए छोटे आकार के गोदाम स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खाद्यान्न और लघु वनोपजों (एमएफपी) के भंडारण हेतु गोदामों के निर्माण हेतु औपचारिक साझेदारी के माध्यम से नाबार्ड से प्राप्त उत्कृष्ट सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की।

नाबार्ड बुनियादी ढाँचा विकास सहायता और ग्रामीण बुनियादी ढाँचा विकास निधि योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिले गढ़चिरौली में बुनियादी ढाँचा सुविधाओं के निर्माण हेतु आवश्यक क्षमता के अनुसार सरकारी भूमि पर गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ये गोदाम वर्गीकरण, श्रेणीकरण और भंडारण सहित लघु वनोपजों के कटाई-पश्चात प्रबंधन के लिए उपयोगी होंगे।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत एक नए गोदाम के निर्माण का कार्य प्रगति पर है और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को इसके लिए नोडल विभाग तथा लोक निर्माण विभाग को कार्यान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। एक आकांक्षी जिले के रूप में, इससे




गढ़चिरौली के आदिवासी और ग्रामीण समुदायों की कृषि और वन-आधारित आजीविका को व्यापक बढ़ावा मिलेगा। ऐसे गोदामों के निर्माण के माध्यम से कृषि और विपणन क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचा तैयार करने हेतु ग्रामीण विकास और जल संरक्षण कार्यों से संबंधित प्रस्तुत प्रस्ताव पर नाबार्ड के माध्यम से तुरंत विचार किया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने बैंक के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की भागीदारी से शुरू की जा रही इस महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी पहल के लिए बधाई दी, जिससे आदिवासियों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन आ रहा है।

ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत कार्यों हेतु 2,115 करोड़ रुपये का प्रावधान

सरकार ने परियोजना को समय-सीमा में पूरा करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इसकी समीक्षा की है और गढ़चिरौली जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समन्वय से इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यों हेतु कुल 2,115 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिसमें इस वर्ष 920 करोड़ 29 लाख रुपये की अतिरिक्त वृद्धि की गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के लिए 138 करोड़ रुपये का प्रावधान है। गोदामों के निर्माण हेतु नाबार्ड, बीवाईएफ और जल एजेंसियों की भागीदारी 'नाबार्ड' की विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत गढ़चिरौली जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से 5 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं और आरआईडीएफ तथा नाबार्ड अवसंरचना विकास सहायता वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत इस संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी गई है, यह जानकारी नाबार्ड प्रमुख श्री. के. वी. शाजी।

आदिवासी समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए कार्यरत BAIF और वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट ने गढ़चिरौली के जिला कलेक्टर को एक परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। तदनुसार, नाबार्ड की पुनर्वित्त सुविधा के माध्यम से सुझाए गए आवश्यक सुधारों के साथ एक क्षेत्र सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। नाबार्ड के ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष के अंतर्गत इन कार्यों के लिए 419 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। BAIF, एक सामाजिक संगठन, ने विभिन्न राज्यों में आदिवासी विकास के लिए कई पहलों को क्रियान्वित किया है, जबकि वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट पिछले तीन दशकों से महाराष्ट्र सहित 10 राज्यों के 7124 गाँवों में वाटरशेड क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य कर रहा है। सरकार, जिला प्रशासन, नाबार्ड और सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण पहल योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से पूरी हो रही है।

# मतदाता सूची में कई खामियां मिलीं, जल्द ही डेटा के साथ सामने आएंगेः आदित्य ठाकरे

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची में अनियमितताओं का बृहस्पतिवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी को कई खामियां मिली हैं, जिन्हें वह जल्द ही सामने लाएगी।

राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही इन अनियमितताओं के बारे में जानकारी देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह ही एक प्रेस वार्ता करेंगे। उन्होंने 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में कहा कि विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को मतदाताओं की संख्या में अचानक वृद्धि, मतदाताओं के नाम गायब होने और बूथों पर कुप्रबंधन के बारे में पत्र लिखा था।



ठाकरे ने कहा, हमारी पार्टी को कई खामियां मिली हैं और वह उन्हें जल्द ही सामने लाएगी उन्होंने कहा, हम अभी जिस डेटा पर काम कर रहे हैं, उसके साथ एक प्रेस वार्ता करेंगे। हम इसे एक साथ मिला रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राहुल गांधी जैसी पत्रकार वार्ता करेंगे, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल। हम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस साल के अंत में होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले संवाददाता सम्मेलन किया जाएगा, तो ठाकरे ने कहा, मुझे यह जानकारी लीक नहीं करनी चाहिए। हम 'सर्जिकल स्ट्राइक' का समय नहीं बता सकते। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर पिछले हफ्ते अपना हमला तेज कर दिया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को बचाने का आरोप लगाया था।

# मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति ने अस्पताल की दसवीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

पुणे में मानसिक रूप से अस्थिर एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार की सुबह एक सरकारी अस्पताल की दसवीं मंजिल से कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना के बारे में बुंदगार्डन पुलिस ने बताया कि मृतक विजय ने पांच सितंबर को भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उस दौरान मौके पर मौजूद रेलवे पुलिस ने उसे



रोका और उसकी मानसिक हालत को देखते हुए उसे राज्य सरकार द्वारा संचालित ससून अस्पताल में भर्ती कराया था। अधिकारी ने बताया "जब उसे पकड़ा गया तो वह बार बार कह रहा था कि वह आत्महत्या करना चाहता है। रेलवे पुलिस ने इलाज के लिए उसे मनोरोग वार्ड में भर्ती कराया। आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे उसने अस्पताल की दसवीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।" फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों का पता लगा रहे हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा 'नवरंग उत्सव -2025' आयोजन संपन्न




मंत्र भारत। संवावदाता

मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वार महिला पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस परिवारों की महिलाओं के लिए मीरा-भायंदर नवरंग उत्सव 2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा महिला पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल के सिविल सेवकों और पुलिस परिवारों की महिलाओं के लिए नवरंग उत्सव 2025 कार्यक्रम का आयोजन 24 सितंबर को भारत रत्न गण साम्राज्ञी लता मंगेशकर नाट्यगृह, काशीमीरा, मीरा रोड पूर्व में किया गया था। कार्यक्रम में दत्तात्रेय शिंदे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मीरा-भायंदर, वसई-विरार राहुल चव्हाण, पुलिस उपायुक्त, जोन-1, अशोक विरकर, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, तानाजी बर्डे, सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, मीरा रोड डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त गणपत पिंगले उपस्थित थे। नवरंग उत्सव 2025 कार्यक्रम में 450 से 500 महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में, महिलाओं को आहार मार्गदर्शन के लिए डॉ प्रियंका जाधव (एमडी आयुर्वेद), भक्तिवेदांत अस्पताल, वित्तीय प्रबंधन के लिए गंधार निगुडकर (वित्तीय सलाहकार) और स्वास्थ्य मार्गदर्शन के लिए डॉ योगिनी पाटिल (एमबीबीएस, एमएस), भक्तिवेदांत अस्पताल द्वारा निर्देशित किया गया था। व्याख्याताओं का स्वागत दत्तात्रेय शिंदे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, राहुल चव्हाण, पुलिस उपायुक्त, जोन-1 अशोक विरकर, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, तानाजी बर्डे, सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय ने किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रंगोली प्रतियोगिता। प्रथम तीन प्रदर्शन करने वाले महिलाओ को पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सपोनी तेजश्री शिंदे ने किया और परिचयात्मक भाषण पोनि महेंद्र शेलार ने दिया। साथ ही, पुलिस मुख्यालय के सहायक आयुक्त तानाजी बर्डे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और फिर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिला पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों, और पुलिस परिवार की महिलाओं ने कार्यक्रम पर संतोष व्यक्त किया।

# राज्य उत्सव गणेशोत्सव की लोकप्रियता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ेगी- सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार

## महाराष्ट्र राज्य सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरण

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। सांस्कृतिक कार्य, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने कहा कि राज्य सरकार ने महाराष्ट्र की परंपरा गणेशोत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा दिया है और सामाजिक समरसता तथा कला एवं संस्कृति के प्रतीक गणेशोत्सव की लोकप्रियता आने वाले दिनों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और बढ़ेगी।

सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्य मंदिर में आयोजित महाराष्ट्र राज्य उत्कृष्ट सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिता के राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवप्रवर्तन मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, विधायक महेश सावंत, सांस्कृतिक कार्य विभाग के उप सचिव नंदा राउत और पी.एल. देशपांडे अकादमी की अध्यक्ष मीनल जोगलेकर इस अवसर पर उपस्थित थीं।

सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट शेलार ने कहा कि राज्य के बारह ऐतिहासिक किलों को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की 100 वर्षों की लंबी परंपरा है। आज यह उत्सव देश-विदेश में विभिन्न स्थानों पर उत्साह के साथ मनाया जाता है। सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने वाला और लोक कला, लोक संस्कृति और लोक संवाद को मजबूत करने वाला गणेशोत्सव, समरसता और सौहार्द बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण उत्सव है। सरकार इसका दायरा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाने की मंशा रखती है और इस उद्देश्य से देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इस उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले गणेश मंडलों के कार्यों को ध्यान में रखते हुए और अभिनव और सामाजिक गतिविधियों को लागू करने वाले गणेशोत्सव मंडलों के कार्यों को प्रोत्साहित करने के व्यापक उद्देश्य से, सरकार ने राज्य और जिला स्तर से तालुका स्तर तक महाराष्ट्र राज्य उत्कृष्ट सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिताओं को ले जाने का निर्णय लिया है और इस वर्ष से, तालुका स्तर को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट शेलार ने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान, राज्य और जिला स्तर पर आयोजित होने वाली महाराष्ट्र राज्य उत्कृष्ट सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिताओं को तालुका स्तर पर भी ले जाया जाएगा। शेलार ने सभी विजेता गणेश मंडलों को इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लेने और शानदार प्रतिक्रिया देने के लिए बधाई दी।

राज्य में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, सरकारी स्तर से प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने गणेश मंडलों से इस बाढ़ की स्थिति में सहयोग करने की अपील की। ??मंत्री एडवोकेट शेलार ने यह भी घोषणा की कि चित्रनगरी गोरेगांव गणेश मंडल को प्राप्त पुरस्कार राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान की जा रही है।

कौशल मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने कहा कि सरकार ने गणेशोत्सव को राजकीय उत्सव का दर्जा दिया है और इससे इस उत्सव को और व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। मंत्री श्री लोढ़ा ने कहा कि यह निश्चित रूप से बधाई का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सहयोग से राज्य के बारह किलों को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर, विजेता टीमों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कार और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। परिचय निदेशक मीनल जोगलेकर ने किया।

महाराष्ट्र राज्य सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिता में, सांगली जिले के खानापुर तालुका में वीटा के तिरंगा गणेशोत्सव मंडल ने राज्य में पहला पुरस्कार जीता। जबकि लातूर के वसुंधरा वृक्षरोपी गणेशोत्सव मंडल ने दूसरा पुरस्कार जीता, अहिल्यानगर जिले के पाथर्डी के सुवर्णयोग तरुण मंडल ने तीसरा पुरस्कार जीता।

# 2 लाख से ज़्यादा स्कूल और कॉलेज के छात्रों और 25 हज़ार से ज़्यादा स्वच्छता-प्रेमी नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और सफ़ाईकर्मियों ने एकजुट होकर इसमें हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

'स्वच्छ भारत मिशन' अभियान, 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत, 25 सितंबर को मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में मनपा के सभी आठ विभागीय कार्यालय क्षेत्रों में जनभागीदारी से 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' विशेष अभियान चलाया गया। 2 लाख से ज़्यादा स्कूल और कॉलेज के छात्रों और 25 हज़ार से ज़्यादा स्वच्छता-प्रेमी नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। इससे नवी मुंबई में स्वच्छता के लिए एक व्यापक आंदोलन का उदय हुआ। इसी तरह, नवी मुंबई के कई स्थानों पर शहर की स्वच्छता के प्रति युवा और वृद्ध, सभी नागरिकों की जागरूकता साफ़ दिखाई दी।

सीबीडी बेलापुर के पारसिक हिल में अपोलो अस्पताल से पहाड़ी की चोटी तक सड़क के दोनों ओर चलाए गए स्वच्छता अभियान



में मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के साथ अतिरिक्त आयुक्त श्री सुनील पवार और डॉ. राहुल गेठे, शहर अभियंता श्री शिरीष आर्डवाड, प्रशासन विभाग के उपायुक्त श्री किसनराव पलांडे, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे, जोन 1 के उपायुक्त श्री सोमनाथ पोटरे और जोन 2 के उपायुक्त श्री संजय शिंदे, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जावड़े, आपदा प्रबंधन विभाग की उपायुक्त श्रीमती ललिता बाबर, खेल विभाग की उपायुक्त श्रीमती अभिलाषा म्हात्रे, ईटीसी केंद्र निदेशक श्री अनुराधा बाबर, बेलापुर विभाग के षष्ठम आयुक्त डॉ. अमोल पालवे के साथ-साथ अन्य अधिकारी, कर्मचारी, सफाई कर्मचारी और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, सुबह की सैर करने वाले, स्वच्छता-प्रेमी नागरिक, विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस छात्र और 750 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारसिक हिल क्षेत्र की सफाई करके अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर स्टर्लिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वच्छता और व्यसन मुक्ति पर एक फ्लैश मॉब और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

पुलिस आयुक्त, स्वच्छता अधिकारी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, सफाई कर्मचारी और स्वच्छता प्रेमी नागरिकों सहित 10,000 से अधिक लोगों ने आठ विभागीय कार्यालय क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर चलाए गए अभियानों में भाग लिया और स्वच्छता के लिए अपना श्रमदान किया।

नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र के 80 नगरपालिका और 300 से अधिक निजी स्कूलों के 2 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में भाग लिया और नवी मुंबई के भविष्य कहे जाने वाले विद्यार्थियों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता पैदा की, जैसा कि शिक्षा विभाग के उपायुक्त श्री संघरत्न खिल्लारे द्वारा जारी परिपत्र में बताया गया है।

इसी प्रकार, नवी मुंबई नगर निगम के 5 अस्पतालों, 26 नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों और 50 से अधिक निजी अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों सहित 5,000 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।

इसके साथ ही, नवी मुंबई शहर के विभिन्न स्थानों, जैसे बाज़ारों, कार्यालयों, औद्योगिक परिसरों, विभिन्न संस्थानों और सोसायटियों में व्यापक जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाए गए।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु एक कैलेंडर तैयार किया गया है और जनभागीदारी के माध्यम से इसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# अवैध विदेशी शराब परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई; 2.22 करोड़ रुपये का माल ज़ब्त

मुंबई।आबकारी विभाग अवैध विदेशी शराब की बिक्री और परिवहन के विरुद्ध नियमित रूप से कार्रवाई करता है। आबकारी विभाग ने अवैध विदेशी शराब के परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2.22 करोड़ रुपये का माल ज़ब्त किया। गोपनीय सूचना के आधार पर, ठाणे जिले के मुंब्रा-पनवेल रोड, मंजरली स्थित सदुद्दीन एस्टेट स्थित तलोजा रूफिंग इंडस्ट्री के सामने जाल बिछाया गया और एक ट्रक की जाँच की गई। ट्रक के पिछले हिस्से में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब रखी हुई पाई गई। इस ट्रक में विभिन्न ब्रांडों की कुल 1,560 पेटी विदेशी शराब पाई गई।

इस मामले में, वाहनों में सवार दो लोगों को महाराष्ट्र मद्य निषेध अधिनियम, 1949 की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में, पंजीकरण संख्या ्िट 52 उैं 3762 वाले 12-पहिया चॉकलेटी रंग के ट्रक, अन्य राज्यों की 1,560 पेटी विदेशी शराब, तीन मोबाइल फोन और अनुमानित 2 करोड़ 22 लाख 69 हजार रुपये मूल्य की शराब जब्त की गई। आरोपियों में चालक शाहिद महमूद खान (उम्र 49) निवासी छायसा, ताल. हथीन, जिला पलवल (हरियाणा) और पंकज जगदीश साकेत (उम्र 25) निवासी कलवारी, ताल. तेउथर, जिला रीवा (मध्य प्रदेश) शामिल हैं। यह कार्रवाई राज्य आबकारी आयुक्त डॉ. राजेश देशमुख, संयुक्त आयुक्त प्रसाद सुर्वे, कोंकण विभागीय उपायुक्त प्रदीप पवार के निर्देशानुसार की गई। इंस्पेक्टर दिगंबर शेवाले के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक एच.बी.यादव, रिंकेश डांगट, वी.वी.सकपाल, सहायक उपनिरीक्षक महावीर कोलेकर, जवान हर्षल खरबास, श्रीराम राठौड़, हनुमंत गढ़वे, अमित सानप, कुणाल तड़वी, सागर चौधरी की टीम ने कार्रवाई पूरी की. आगे की जांच इंस्पेक्टर दिगंबर शेवाले कर रहे हैं.

# पॉड टैक्सी परियोजना को एक मॉडल के रूप में लागू किया जाना चाहिए- उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

मुंबई। बांद्रा से कुर्ला पॉड टैक्सी परियोजना देश की एकमात्र परियोजना है और इसे एक मॉडल परियोजना के रूप में लागू किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस परियोजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री आवास पर पॉड टैक्सी पर एक प्रस्तुतिकरण आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता, प्रमुख सचिव नवीन सोना, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुंभारे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

परिवहन सेवा में अगला कदम 'पॉड टैक्सी' है और यह सेवा कुर्ला और बांद्रा रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित बीकेसी में महत्वपूर्ण होगी। इस क्षेत्र में यातायात बढ़ेगा और पॉड टैक्सी नागरिकों को यातायात की भीड़ से राहत दिलाने का एक अच्छा विकल्प होगी, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा।

बांद्रा से कुर्ला तक आठ किलोमीटर की दूरी में पॉड टैक्सियों के लिए 33 स्टेशन हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शिंदे ने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से निजी वाहन मालिकों की संख्या कम करने में मदद मिलेगी और बदले में, सड़क यातायात को भी कम करने में मदद मिलेगी।

# डाक मतपत्रों की गिनती प्रक्रिया में और सुधार

मुंबई।भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए पिछले छह महीनों में कई पहल की हैं। अगले कदम के रूप में, आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाने का निर्णय लिया है। डाक मतपत्रों/इलेक्ट्रॉनिक डाक मतपत्रों की गिनती और ईवीएम के माध्यम से गिनती, आयोग की मतगणना प्रक्रिया के दो प्रमुख चरण हैं। डाक मतपत्रों की गिनती मतगणना वाले दिन सुबह 8 बजे शुरू होती है, जबकि ईवीएम की गिनती सुबह 8.30 बजे शुरू होती है। पूर्व निर्देशों के अनुसार, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती से स्वतंत्र रूप से जारी रह सकती थी, जिसके कारण कभी-कभी ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती से पहले पूरी हो जाती थी। हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को घर से मतदान की सुविधा प्रदान किए जाने के कारण डाक मतपत्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अतः, संपूर्ण प्रक्रिया में एकरूपता और स्पष्टता बनाए रखने के लिए, आयोग ने डाक मतपत्रों की गणना पूरी होने के बाद ही ईवीएम/वीवीपैट की गणना का दूसरा से अंतिम चरण शुरू करने का निर्णय लिया है।

## सम्पादकीय

### सपनों का घर या धोखाधड़ी, कर्ज लेकर खरीदा घर मगर कब्जा नहीं; बिल्डरों और बैंकों की साजिश ने बढ़ाई मध्यवर्ग की मुश्किलें

हर किसी का सपना होता है कि शहर में उसका भी अपना एक घर हो। इसके लिए वह अपने जीवन भर की पूंजी लगा देता है। खासकर मध्यम वर्ग के लोग इस सपने को पूरा करने के लिए अपने दैनिक खर्चे में कटौती कर बैंकों से कर्ज भी लेते हैं। मगर परेशानी तब बढ़ जाती है, जब तय समय पर उन्हें घर नहीं मिल पाता है। जाहिर है यह सब भवन निर्माताओं की मनमानी की वजह से ही होता है। ऐसे मामलों में कर्ज देने वाले बैंकों की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे हैं।

देशभर में ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें भवन निर्माताओं और बैंकों के बीच साठगांठ के आरोप लगे हैं। इसी घटनाक्रम में सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के बाद अब मुंबई, बंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को छह नए मामले दर्ज करने की अनुमति दी है। सीबीआइ का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस संबंध में संज्ञेय अपराध का मामला बनता है।

इसमें दोराय नहीं कि मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बढ़ती महंगाई के इस दौर में शहरों में घर खरीदने के वास्ते रकम जुटाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में बैंकों से कर्ज लेना ही एकमात्र विकल्प होता है। मगर इन्हीं बैंकों के कर्मी अगर भवन निर्माताओं के साथ साठगांठ कर घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने लगें, तो कर्ज की यह सुविधा ही मुश्किल में डाल देती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जुलाई में दिल्ली-एनसीआर में घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपों से जुड़े मामलों में बैंकों और भवन निर्माताओं के बीच साठगांठ की गहन जांच के लिए सीबीआइ को बाईस मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। ये मामले एनसीआर में कार्यरत भवन निर्माताओं और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के विकास प्राधिकरणों से संबंधित हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के बाहर की आवास परियोजनाओं की प्रारंभिक जांच करने के लिए सीबीआइ को छह सप्ताह का समय दिया था।

दरअसल, शहरों में घर खरीदने वालों के लिए बैंकों ने ब्याज अनुदान योजना शुरू की है। इसके तहत बैंक स्वीकृत राशि सीधे भवन निर्माता के खातों में जमा करते हैं, जिन्हें तब तक स्वीकृत ऋण राशि पर किस्त का भुगतान करना होता है, जब तक कि आवास खरीदारों को नहीं सौंप दिए जाते।

सर्वोच्च न्यायालय ऐसे 1, 200 से अधिक घर खरीदारों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने एनसीआर, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में विभिन्न आवास परियोजनाओं में ब्याज अनुदान योजनाओं के तहत आवास बुक किए थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि आवास का कब्जा अभी तक नहीं मिला है और बैंक उन्हें कर्ज की किस्तों का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि बैंक नियमों के विपरीत घर खरीदारों पर दबाव क्यों बना रहे हैं?

साफ है कि बैंकों का यह रवैया आपसी मिलीभगत की ओर इशारा करता है और यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इन मामलों में कडा संज्ञान लिया है। दूसरी ओर सरकार को भी इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए। विभिन्न परियोजनाओं के तहत घर खरीदने की पेशकश करने वाले भवन निर्माताओं और कर्ज देने वाले बैंकों पर नजर रखने के लिए माकूल निगरानी तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि खरीदारों के हितों की रक्षा हो सके।



# मोदी के तख्तापलट की चीनी साजिश जिनपिंग के सबसे बड़े प्लान का कैसे हुआ खुलासा?

चीन भारत के साथ रिश्तों को सुधारने की कोशिश तो कर रहा है, अगर फौरी तौर पर देखें तो ऐसा ही कुछ फिल गुड सिचुएशन नजर आएगा। लेकिन चीन की मंशा को लेकर स्ट्रैटजिक एक्सपर्ट हमेशा भारत को आगाह और सचेत करते रहे हैं। चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इसके पीछे1962 वाली घटना का भी जिक्र किया जाता है। हिंदी-चीनी भाई-भाई की आड़ में दगाबाजी का खंजर चीन के द्वारा भारत की पीठ पर घोंपा गया था। चीन ने भारत पर हमला किया और आज भी हमारी 38-39 हजार स्कायर किलोमीटर जमीन पर कब्जा जमाए बैठा है। चीन ने ऐसी ही कोशिश 2020 में भी की। कोरोना नामक महामारी से हैरान-परेशान दुनिया इसके इलाज तलाह रही थी। लेकिन मक्कार चीन इसकी आड़ में भारत की जमीन को हथियाने की कोशिश की। नतीजन गलवान घाटी में ड्रैगन के नापाक मंसूबों के आगे हिंद की सेना मजबूती के साथ डट खड़ी हुई।

वियतनाम युद्ध के बाद पहली बार इसमें चीन की पीएलए को शहादत झेलनी पड़ी। हालांकि इस झड़प में भारत के सैनिक भी शहीद हुए। कुल मिलाकर कहे कि अगर जानकार चीन पर भरोसे की बात को लेकर हमेशा आगाह करते रहते हैं, वो अपनी जगह बिल्कुल ठीक भी है। चीन की साजिशों



को बहुत ही अच्छी तरह से समझने वाले अब तिब्बत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति तिब्बत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. लोबसांग सांगे ने कुछ ऐसे खुलासे किए हैं जो बिल्कुल चौंकाने वाले हैं।

उनका कहना है कि चीन की चालें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है। बल्कि सीधे भारत की सत्ता पर वार करने लगी है। उनका ये कहना है कि दिल्ली स्थित चीनी दूतावास न केवल भारतीय नेताओं और पत्रकारों को साधने की कोशिश कर रहा है, जिनमें यूट्यूबर्स भी शामिल हैं। उनके सहारे मोदी सरकार के तख्तापलट करने की साजिश रची जा रही है। चीनी दूतावास इस कोशिश में है कि मोदी सरकार का तख्तापलट किया जाए और इसके लिए वो कई तरह के षड़यंत्र रच रहे हैं। मीडिया का भी इसमें इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें कई बड़े पत्रकार समेत कई यूट्यूबर्स शामिल हैं। सारे दावे तिब्बत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. लोबसांग सांगे ने एक इंटरव्यू के दौरान किए हैं।

पत्रकारों को प्रभावित करने, बड़े बड़े बिजनेसमैन को भी लालच दिया जा रहा है। मीडिया में पैसा डालकर नैरेटिव को बदलने का खेल बीजिंग खेल खेल रहा है। भारत के पड़ोस पर नजर डालेंगे तो चीन के पैसों से कुछ सरकारें खड़ी हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका जैसे देश इसका उदाहरण हैं। बीजींग का खेल सिर्फ व्यापार नहीं है बल्कि इसकी आड़ में सत्ता पलटने का भी खेलता है। ऐसा ही खेल वो भारत में भी खेलने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने बताया कि कैसे नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव और पाकिस्तान में चीन ने सत्ताधारी वर्गों को अपने पक्ष में कियाहै। उनके शब्दों में ये एलीट कैप्चर की मिसाल है। डॉक्टर सांगे ने ये भी बतायाकि ये रणनीति दक्षिण एशिया से आगे तक फैली है। उन्होंने कहा कि मैंने यूरोप में ऐसे मंत्री देखे हैं जिन्होंने चीन की तारीफ की और बाद में चीनी कंपनियों में डायरेक्टर और वह 100, 000 डॉलर से लेकर 888, 000 डॉलर तक की सालाना तनख्वाह पर। डॉक्टर सांगे ने भारत के सभी दलों के नेताओं, व्यापारियों और पत्रकारों को अलर्ट रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि चीन को फर्क नहीं पड़ता कि वह किसे खरीदता है, जब तक वह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाता है।

डॉ. सांगे ने आगे तर्क दिया कि बीजिंग के प्रभावकारी अभियान भारत को नियंत्रित करने के उसके व्यापक भू-राजनीतिक लक्ष्य से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि चीन मालदीव, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल का समर्थन क्यों कर रहा है? वे भारत पर हमला करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों को क्यों रोक रहे हैं? क्योंकि वे भारत को घेरना चाहते हैं और दक्षिण एशिया पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। चीन के आर्थिक प्रभाव की तुलना राजनीतिक चालाकी से करते हुए, उन्होंने भारत के व्यापार घाटे पर प्रकाश डाला। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत चीन से 113 अरब डॉलर का सामान खरीदता है, लेकिन केवल 14 अरब डॉलर का बेचता है। यह 99 अरब डॉलर का घाटा है। इसका मतलब है कि भारत में कम कारखाने, कम विनिर्माण और कम नौकरियाँ होंगी। चीन के साथ जुड़ाव न केवल असंतुलित है, बल्कि खतरनाक भी है।

डॉ. सांगे ने हेनरी किसिंजर के उस लोकप्रिय सिद्धांत पर भी निशाना साधा कि चीन के साथ व्यापार से उसका लोकतंत्रीकरण होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम ने 30 साल तक इसी भ्रम में निवेश किया। लोकतांत्रिक बनने के बजाय, चीन और अधिक विरोधी हो गया है। मुझे उम्मीद है कि भारत यह गलती नहीं दोहराएगा। बहरहाल, सीमा पर पहले से ही तनाव चरम पर है, ऐसे में डॉ. सांगे के शब्द एक भयावह चेतावनी हैं कि चीन की भारत के लिए चुनौती सिर्फ़ सैन्य ही नहीं, बल्कि राजनीतिक और आर्थिक भी है।

# क्या सपने पूरे करने के लिए सिर्फ संघर्ष ही जरूरी है, या आसान रास्ते से भी सुकून मिल सकता है?

हम सबके साथ ऐसा कभी न कभी जरूर होता है कि हम अचानक ही सोए हुए से जाग जाते हैं। यह अक्सर किसी सपने की वजह से होता है, जो अच्छे या बुरे, दोनों ही रूपों में हो सकता है। कभी कोई अच्छा सपना हमें हंसा देता है, तो कभी बुरे सपने के कारण डर से नींद टूट जाती है और मन यह सोचकर ही घबरा जाता है कि कहीं वह सच हो गया तो? सपनों और इंसानों की आंख-मिचौली वाला यह रिश्ता इंसान के जन्म के साथ ही जुड़ जाता है। शायद हमने ध्यान दिया होगा कि किस तरह एक शिशु सोए-सोए मुस्कुरा उठता है, तो कभी इस कदर झल्ला उठता है कि चुप होने का नाम नहीं लेता।

हम चाहे सपनों की जो भी व्याख्या करते हों, विज्ञान के पास इसकी बड़ी लंबी-चौड़ी परिभाषा और विश्लेषण मौजूद है। जो भी हो, मनुष्य को हंसाने-रुलाने वाले इन सपनों का उसके जीवन में बड़ा महत्त्व है। इनका महत्त्व तब और बढ़ जाता है, जब सपने केवल व्यक्तिगत लालसा या भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होकर समष्टि के लिए भी देखे जा रहे हों। उनका आधार मानव कल्याण और सत्यनिष्ठा होना चाहिए। जब सपने दूसरों के जीवन को भी रोशन करें, तभी वे नैतिक रूप से सार्थक होते हैं। केवल अपने लिए ऊंचाइयां छूना पर्याप्त नहीं है, दूसरों को साथ लेकर चलना ही नैतिकता का परिचायक है।

मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होता है, जब उसमें कोई उद्देश्य और मूल्य हों। उद्देश्य हमें दिशा देते हैं और मूल्य हमें सही मार्ग पर टिकाए रखते हैं। वे सपने, जिन्हें हम अक्सर अपनी कल्पनाओं का हिस्सा मानते हैं, दरअसल जीवन की नैतिक धुरी हो सकते हैं। यहां यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से आ सकता है कि क्या जिंदगी को सपनों जैसा बनाना महत्त्वपूर्ण है या सपनों को जिंदगी में महत्त्व देना! अधिकतर लोग सपनों जैसी जिंदगी का अर्थ ऐश्वर्य, आराम और विलासिता से लगाते हैं, लेकिन अगर जिंदगी केवल निजी स्वार्थ तक सीमित हो, तो उसका नैतिक मूल्य कम हो जाता है। वह प्रारंभ में भले ही खूबसूरत लगे, लेकिन बाद में मरीचिका प्रतीत होती है। जहां हम प्यास बुझाने के लिए, पानी की तलाश में अकेले भटकते रह जाते हैं।

सच्चे सपनों जैसी जिंदगी वही है, जहां हम ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाएं, मेहनत और लगन से आगे बढ़ें। दूसरों की भलाई में भी हिस्सा लें और अपने सुख-दुख में संतुलन बनाए रखें। जीवन को सपनों-सा सुंदर बनाने की कोशिश सभी करते हैं, लेकिन कहीं न कहीं कुछ चूक हो ही जाती है। फिर हम सपनों को ही दोष देने



लगते हैं। जबकि गलती सपनों की नहीं, बल्कि उनको पूरा करने की हमारी कोशिश में रहती है। यह समझने की जरूरत है कि संघर्ष से बचकर सपनों तक पहुंचना संभव नहीं।

मसलन, अगर कोई विद्यार्थी परीक्षा में नकल कर अच्छे अंक ले आता है तो वह भले ही उस समय अपने सपने पूरे कर ले, लेकिन यह नैतिक रूप से अधूरा रह जाता है। वहीं ईमानदारी से मेहनत कर मिलने वाली सफलता छोटी हो सकती है, पर उसका मूल्य कहीं अधिक है। अरस्तु ने कहा था- 'हम वही हैं, जो हम बार-बार करते हैं। उत्कृष्टता कोई कर्म नहीं, बल्कि एक आदत है।'

यहीं सपनों की अहमियत को समझा जा सकता है, क्योंकि हमारे सपने और उन्हें पाने की प्रक्रिया हमारे चरित्र को गढ़ते हैं। सपनों को सच करने सकारात्मक कोशिशें हमारे आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाती हैं। वहीं उन्हें पूरा करने के लिए अपनाई गई गलत कोशिशें हमारे चरित्र को गिराती हैं। आत्मविश्वास कम करती हैं। कभी-कभी लोग सपनों को देखने में इतने खो जाते हैं कि उन्हें अपनी वर्तमान जिंदगी तुच्छ लगने लगती है।

नैतिक दृष्टिकोण कहता है कि हमें जीवन जैसा भी मिला है, उसका सम्मान करना चाहिए, क्योंकि इस दुनिया में कुछ ऐसे भी बदकिस्मत लोग हैं जिन्हें देखकर 'कमी' क्या होती है, यह समझ में आता है। उनके जीवन के सपने, किसी सक्षम व्यक्ति के सपनों से बेहद जुदा होते हैं, जो सिर्फ दो वक्त भरपेट भोजन और तन ढकने भर कपड़े मिल जाने भर से जुड़े होते हैं।

यह जीवन बहुत खूबसूरत और कीमती है, जहां हर व्यक्ति के सपनों की दुनिया अलग है। उनकी सीमाएं अलग है। शायद इसीलिए हमें ऊंचे सपने देखने के लिए कहा जाता है, ताकि हमारे अंदर चरित्र, मन और विचारों की ऊंचाई आए। अपने सपनों को जरूर सहेजें, उन्हें पूरा करने की कोशिश भी करें, लेकिन दिल में थोड़ी-सी जगह दूसरों के लिए भी रखें। जीवन में व्यक्तिगत सपनों का महत्त्व है, लेकिन समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। जिस तरह एक डाक्टर का सपना धन कमाना न हो, बल्कि रोगियों की सेवा करना हो।

एक शिक्षक का सपना केवल नौकरी तक सीमित न हो, उसकी कोशिश विद्यार्थियों को बेहतर इंसान बनाना भी होना चाहिए। एक नेता का सपना केवल सत्ता पाना न होकर जनता की सेवा करना होना चाहिए। इस समाज में सभी आपस में किसी न किसी रूप से जुड़े हुए हैं। इसलिए ध्यान देने की और भी जरूरत होती है। जब सपने को सच करने की कोशिश नैतिकता से जुड़ जाती है तो सपनों की अहमियत बढ़ जाती है। फिर भले ही बंद आंखों से देखे गए सपने हमें कभी रुला दें, लेकिन खुली आंखों से देखे सपने हमें हमेशा ही सुकून और आत्मसंतुष्टि देंगे।

# क्या सच में बेटी की सुरक्षा का मतलब जल्दी शादी है, या शिक्षा और आजादी बनाती है मजबूत?

किसी भी समाज की असली पहचान इस बात से होती है कि वह महिलाओं और बेटियों के साथ कैसा व्यवहार करता है। देश और समाज की प्रगति केवल ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों या चमकदार आंकड़ों से नहीं आंकी जाती, बल्कि इसका आकलन महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और उन्हें मिलने वाले अवसरों के आधार पर भी किया जाता है। बेटियों का सवाल केवल घर की चौखट तक सीमित रहने की चिंता से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह पूरी सभ्यता की दिशा और उसकी मूल्य प्रणाली का प्रश्न है। यदि देश की आधी आबादी को बराबरी का अधिकार और अवसर न मिले, तो किसी भी प्रगति का दावा खोखला ही साबित होता है। मगर यह कटु सच्चाई है कि भारत जैसे देश में आज भी बाल विवाह की काली छाया मौजूद है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि बीस से चौबीस वर्ष की तेईस फीसद महिलाओं का विवाह अठारह वर्ष की आयु से पहले हो चुका था। यानी हर चौथी लड़की के बचपन की किताब अधूरी ही रह जाती है। यह कानून का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि संभावनाओं, सपनों और अधिकारों का हनन भी है।

यह बात भी सच है कि पिछले करीब तीन दशकों में भारत ने इस मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 1993 में बाल विवाह की दर लगभग 49 फीसद थी, जो अब घट कर 23 फीसद रह गई है। मगर वर्ष 2016 के बाद इस प्रगति की रफ्तार चिंताजनक रूप से धीमी हो गई। यूनिसेफ की वर्ष 2023 की रपट बताती है कि दक्षिण एशिया बाल विवाह के मामले में दुनिया का सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। भारत में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यह आंकड़ा केवल एक सामाजिक विफलता नहीं, बल्कि एक नैतिक चेतावनी भी है कि यदि हमने अपनी सोच नहीं बदली, तो आगे बढ़ने के बजाय हम फिर पीछे लौट सकते हैं। एनएफएचएस-5 के आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या सिर्फ परंपरा या मान्यता से नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक ढांचे से गहराई से जुड़ी है।

ग्रामीण भारत में बाल विवाह की दर 27 फीसद है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह केवल 15 फीसद पर सिमटी है। सबसे गरीब तबकों में यह दर 39 फीसद तक पहुंच जाती है, जबकि सबसे अमीर तबकों में यह मात्र आठ फीसद है। स्पष्ट है कि गरीबी और निरक्षरता इस कुप्रथा के सबसे बड़े कारक हैं। आर्थिक अभाव और सामाजिक दबाव मिल कर बेटियों के बचपन, उनके सपनों और अधिकारों को छीन लेते हैं।

बाल विवाह न केवल बेटियों के शिक्षा के अधिकार का हनन करता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए भी घातक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 15 से 19 वर्ष की लड़कियों में गर्भावस्था और प्रसव से मृत्यु का खतरा वयस्क महिलाओं की तुलना में कई गुना अधिक होता है। उनमें बच्चों की मृत्यु दर भी कहीं अधिक पाई जाती है। यानी यह कुप्रथा केवल सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि जीवन और मौत का प्रश्न है। जिस समाज में मां और बच्चे दोनों असुरक्षित हों, वहां सभ्यता के विकास के सारे दावे बेमानी हो जाते हैं। इस अंधकार से निकलने का सबसे प्रभावी मार्ग शिक्षा है।

यूनिसेफ की रपट बताती है कि यदि सभी लड़कियां प्राथमिक शिक्षा पूरी कर लें, तो बाल विवाह की संभावना चौदह फीसद तक घट जाती है और यदि माध्यमिक शिक्षा पूरी कर लें, तो यह संभावना 64 फीसद तक कम हो सकती है। ये आंकड़े इस तथ्य को स्थापित करते हैं कि बेटी की असली सुरक्षा दीवारों से, दहेज की रकम से या समय से पहले किए गए विवाह से नहीं, बल्कि उसकी शिक्षा, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता से संभव है। कुछ राज्यों ने इस दिशा में ठोस काम किया है।

झारखंड में एनएफएचएस-4 (2015-16) के दौरान वहां बाल विवाह की दर 37.9 फीसद थी, जो एनएफएचएस-5 में घट कर 32.2 फीसद हो गई। हाल ही में राज्य सरकार ने यूनिसेफ के साथ मिल कर 2025-30 की कार्ययोजना बनाई है, जिसके तहत लड़कियों को शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस तरह के प्रयास यह उम्मीद जगाते हैं कि बदलाव संभव है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि ऐसे उदाहरण अभी सिर्फ अपवाद हैं, सामान्य स्थिति नहीं।

यहां एक बुनियादी सवाल उठता है कि जब वर्ष 2006 का बाल विवाह निषेध अधिनियम मौजूद है, तो भी यह समस्या क्यों बनी हुई है? इसका सीधा उत्तर है कि कानून और योजनाएं तब तक असरदार नहीं होतीं, जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलती। असम ने वर्ष 2023 में बाल विवाह के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। सैकड़ों शादियां रद्द की गईं और गिरफ्तारियां भी हुईं। मगर इसका दूसरा पहलू यह रहा कि कई गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति अचानक हिल गई। यह अनुभव साफ करता है कि केवल दंडात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। जब तक बेटियों और उनके परिवारों को बेहतर विकल्प, शिक्षा और आर्थिक अवसर उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, तब तक किसी भी कानून से स्थायी समाधान निकलने की उम्मीद कम है। भारतीय समाज का सबसे बड़ा संकट यही है कि बेटियों की सुरक्षा का अर्थ जल्दी विवाह से लगाया जाता है। समाज के एक हिस्से की मान्यता है कि बेटी तभी सुरक्षित है, जब कम उम्र में उसका विवाह कर दिया जाए। यह सोच ही उसकी सबसे बड़ी असुरक्षा है। असली सुरक्षा तब है, जब वह पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बने, अपने फैसले लेने की क्षमता हासिल करे और जीवन को अपने दम पर जी सके। चारदीवारी में कैद कर देना या कम उम्र में विवाह कर देना किसी भी दृष्टि से सुरक्षा नहीं, बल्कि अन्याय है। अब यह समझने की जरूरत है कि बाल विवाह की समस्या से लड़ना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। यह समाज के हर वर्ग, हर परिवार और हर व्यक्ति का दायित्व है। पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान, समुदाय के नेताओं की सक्रिय भागीदारी और मीडिया की रचनात्मक भूमिका बेहद अहम हो सकती है।

परिवारों को यह समझाना होगा कि बेटी बोझ नहीं है, बल्कि उसकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही पूरे घर और समाज की ताकत बन सकती है। यह सवाल सिर्फ बेटियों का नहीं, पूरी मानवता की प्रगति का है। लोकतंत्र और समानता का दावा तभी सार्थक होगा, जब बेटियों को भी वही अवसर मिलें, जो बेटों को मिलते हैं। यह संवैधानिक प्रावधान मात्र नहीं, सभ्यता की असली कसौटी है। हमें बाल विवाह को केवल एक आपराधिक कृत्य नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों के खिलाफ अपराध के रूप में देखना होगा।

बेटी का बचपन, उसकी शिक्षा और स्वतंत्रता उसका मूल अधिकार है, कोई उपकार नहीं। समाज इसे जितनी जल्दी स्वीकार करेगा, उतनी ही जल्दी सरकारी नीतियां भी असर दिखाएंगी। विकास का असली अर्थ तभी पूरा होगा जब उसका असर हर घर और हर बेटी की जिंदगी में दिखाई दे। ऊंची इमारतें और चौड़ी सड़कें भी तभी प्रगति कहलाएंगी, जब हर बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान मिलेगा।



# सीएसआर पहल के अंतर्गत मेजा ऊर्जा निगम द्वारा स्टेशनरी किट का वितरण

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। मेजा ऊर्जा निगम (प्रा.) लिमिटेड अपने नैगम सामाजिक दायित्व (ण्ऐं) कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 25 सितम्बर 2025 को मुख्य अतिथि विधायक कोराव, राजमणि कोल एवं विशिष्ट अतिथि अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी की उपस्थिति मे परियोजना के समीपवर्ती ग्राम सलैया खुर्द के प्राथमिक स्कूल, मे कक्षा 1 से 8 तक कुल 300 छात्र-छात्राओ को स्टेशनरी किट, छाता एवं बैग वितरित किया। इस वित्तीय वर्ष में मेजा ऊर्जा निगम के द्वारा आस पास के स्कूलों में 2000 स्टेशनरी किट, छाता एवं बैग का वितरण किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'शिक्षा ही बच्चों का सबसे बड़ा हथियार है, और इसी से समाज की दिशा तय होती है। मेजा ऊर्जा निगम का प्रयास है कि आसपास के गाँवों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कमी न हो। हम मानते हैं कि यह स्टेशनरी किट केवल सामग्री न होकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई में मन लगाएँ, नियमित रूप से विद्यालय आएँ और इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएँ।

विधायक ने कहा कि आज इस विद्यालय में 'स्टेशनरी किट वितरण' कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुझे विश्वास है कि यह स्टेशनरी किट–जिसमें कॉपियाँ, पेंसिल, रंग, रबर, शार्पनर, स्कूल बैग, छाता आदि शामिल हैं–छात्रों को अपनी पढ़ाई में सहायता करेगी। उन बच्चों को, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, और संसाधन न मिलने के कारण बाधा आती थी, अब उन्हें राहत मिलेगी। छात्रों से मेरा निवेदन है कि आप इस सामग्री का सदुपयोग करें।

छात्रा/छात्राओ द्वारा इस सहायता के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आपने हमें जो पाठ्य सामग्री, स्टेशनरी और अन्य जरूरी सामान निःशुल्क प्रदान किया है, वह हमारे लिए सिर्फ चीजें नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की नींव हैं।



प्रधानाचार्य महोदय ने भी इस पहल के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

साथ ही हमारे संस्था के सतर्कता विभाग द्वारा इस मौके पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत सभी छात्रा/छात्राओ एवं उपस्थित सभी लोगो को शपथ दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में अविजीत चटर्जी, मुख्य महा प्रबन्धक (तकनीकी सेवाए), विवेक चन्द्रा, अपर महाप्रबन्धक (एचआर), नवाब खान अंसारी, अपर महाप्रबन्धक (सतर्कता), अन्य एनटीपीसी अधिकारी , ग्राम प्रधान, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा 2025 : 156 घंटे महासफाई अभियान का भव्य शुभारम्भ

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत आज 'एक दिन एक घंटा एक साथ' विशेष कार्यक्रम के साथ 156 घंटे महासफाई अभियान का भव्य शुभारम्भ हुआ। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी ने हरी झंडी दिखाकर नगर निगम प्रयागराज की सुसज्जित सफाई वाहनों को रवाना किया और लगातार 156 घंटे तक चलने वाले इस ऐतिहासिक स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

नगर निगम की सभी गाड़ियों को विशेष सजावट के साथ रोस्टर के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में भेजा गया।

156 घंटे तक निरंतर सफाई कार्य चलाने हेतु नाला-नाली, पार्क, सार्वजनिक स्थल, उन्ङ, एऊळ, घाट, शौचालय, स्कूल-कॉलेज, सड़क, जलाशय सहित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं पृथक्करण की व्यापक व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर 3000 से अधिक नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ लेकर अभियान में भागीदारी सुनिश्चित की।

'एक दिन एक घंटा एक साथ'




कार्यक्रम के तहत महापौर, पार्षदगण और नगर निगम की पूरी टीम ने नागवासुकी मंदिर पर भव्य श्रमदान किया। मंदिर परिसर को पूर्णतः कचरा-मुक्त किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सफाई मित्रों की महत्ता और शहर को स्वच्छ रखने में जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

श्रमदान के पश्चात अपने संबोधन में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा, 'प्रयागराज की धरती हमेशा से जनसहभागिता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण रही है। आज हमने 156 घंटे के इस निरंतर सफाई अभियान की शुरुआत की है। यह केवल सफाई का नहीं, बल्कि मानसिकता बदलने का संकल्प है। बापू के स्वच्छ भारत के सपने और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के आदर्शों को साकार करने में हम सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। मैं हर नागरिक से आह्वान करता हूँ कि न केवल इन 156 घंटों के दौरान, बल्कि हर दिन अपने आस-पास की स्वच्छता बनाए रखने की आदत को जीवन का हिस्सा बनाएं।'

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र कुमार यादव, कर निर्धारण अधिकारी संजय ममगाई, सभी जोनल अधिकारी, स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक, नगर निगम प्रयागराज के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

नगर निगम प्रयागराज सभी नागरिकों से अपील करता है कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले 156 घंटे महासफाई अभियान में सक्रिय सहयोग दें और 'स्वच्छ प्रयागराज, स्वस्थ प्रयागराज' के संकल्प को साकार करें।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

# महिलाओं एवं छात्राओं को वितरित किये गये पम्पलेट, एयरपोर्ट पुलिस ने छात्राओं को दिये टिप्स

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। नारी की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत गुरुवार को थाना एयरपोर्ट एंटी रोमियो स्क्वायड व महिला बीट अधिकारियों ने जीनियस इण्टर कालेज में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने छात्राओं को अपनी सुरक्षा, अधिकार एवं स्वावलंबन के गुर सिखाये। पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त एवं डीसीपी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत नगर जोन के थाना एयरपोर्ट में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड व महिला बीट अधिकारियों ने जीनियस इण्टर कालेज में जाकर महिला सशक्तिकरण के संबंध में छात्राओं को जागरूक किया। गुड टच, बैड टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, , आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र, एण्टी रोमियो स्क्वायड व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स आदि के बारे में जानकारी देकर छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। अंत में पुलिस टीम ने महिलाओं एवं छात्राओं को पम्पलेट वितरित किये। एयरपोर्ट थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत लगातार कालेजों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस टीम पहुंचकर छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक कर रही है। इस दौरान उनि परितोष यादव, आकाश सेन, सुखबीर सिंह, मउनि सोनिका, अमिता, शैलसुता सिंह एवं महिला सिपाही डाली विश्वकर्मा रहीं।



# थाना महिला एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। पुलिस आयुक्त व श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत नगर जोन के थाना महिला थाना में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स में जाकर महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर क्राइम-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र, एण्टी-रोमियो स्क्वाड व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया ।



# हाईकोर्ट बार की ओर से 12 दिवंगत अधिवक्ताओं की पत्नियों को दिए गए 05 लाख के चेक

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की ओर से गुरुवार को उच्च न्यायालय के दिवंगत बारह अधिवक्ताओं की पत्नियों को न्यू पदाधिकारी कक्ष में पांच पांच लाख रुपए के चेक सहयोग राशि के रूप वितरित किए गए। यह सभी चेक हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पाण्डे एवं महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा और समस्त कार्यकारिणी की ओर से प्रदान किए गए। बार की ओर से कुल 58 लाख 62 हजार की धनराशि मुहैया कराई गई। जिन दिवंगत अधिवक्ताओं की पत्नियों को चेक प्रदान किए गए हैं उनमें स्व अरूण कुमार सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, स्व इरफान हसन के पत्नी निशात अंजुम, स्व वीरेन्द्र कुमार यादव की पत्नी ममता यादव, स्व संजय कुमार सिंह की पत्नी मुन्नी सिंह, स्व अजय सिंह की पत्नी सुनीता सिंह, स्व राधे श्याम मौर्य की पत्नी प्रेमा देवी, स्व संजीव कुमार सिंह की पत्नी शर्मिला श्रीवास्तव, स्व शशांक शेखर की पत्नी सोनी कुमारी, स्व संजय मिश्र की पत्नी रंजना मिश्र, स्व राजेश कुमार सिंह की पत्नी उमंग सिंह, स्व गुलाब चन्द्र की पत्नी किरन लता और स्व फूल चन्द्र यादव की पत्नी पुष्पा शामिल हैं। गौरतलब है कि स्व अजय सिंह की पत्नी सुनीता सिंह को 04 लाख 20 हजार और स्व राधेश्याम मौर्या की पत्नी प्रेमा देवी को 4 लाख 42 हजार का चेक दिया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, विवेक मिश्र, राज कुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र, दिनेश वरूण, संयुक्त सचिव प्रशासन बैरिस्टर सिंह, संयुक्त सचिव पुस्तकालय शशि कुमार द्विवेदी, संयुक्त सचिव प्रेस रामेश्वर दत्त पाण्डेय, संयुक्त सचिव महिला बिन्दु कुमारी, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य अंजली सिंह तोमर, कनक कुमार त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखण्ड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चन्द्र शुक्ला, अनिरूद्ध सिंह, अवनीश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, आदित्य धर द्विवेदी एवं अमित सिंह सेंगर उपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त सचिव प्रेस रामेश्वर दत्त पाण्डेय द्वारा दी गई।



# प्रयागराज के विंकेश गुलाटी बने ऑटोमोटिव स्किल्सप डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरपर्सन

## बोर्ड मीटिंग के बाद लिया गया फैसला, निवर्तमान प्रेसिडेंट एफ आर सिंघवी ने सौंपी जिम्मेरदारी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) ने प्रयागराज निवासी विंकेश गुलाटी को नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। बोर्ड की मीटिंग में इनकी नियुक्ति का फैसला लिया गया। वे निवर्तमान प्रेसिडेंट एफ आर सिंघवी की जगह लेंगे। विंकेश गुलाटी लंबे समय से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीप और एएसडीसी से जुड़े हुए है। वर्तमान में वो बतौर वाइस प्रेसिडेंट अपनी जिम्मेलवारी निभा रहे थे। वे इंडियन इंडस्ट्रीस एसोसिएशन प्रयागराज के चेयरमैन रह चुके है।

नए चेयरपर्सन के रूप में विंकेश गुलाटी ने कहा कि ऑटोमोटिव उद्योग के इस महत्वपूर्ण समय में एएसडीसी का नेतृत्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। तकनीकी बदलाव और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की वृद्धि के साथ, कौशल विकास पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। मेरा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि एएसडीसी इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार, प्रशिक्षण प्रदान करता रहे। युवाओं की रोजगार योग्यता बढ़ाए और भारत के कार्यबल को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करे।



इस अवसर पर निवर्तमान प्रेसिडेंट एफ आर सिंघवी ने कहा कि एएसडीसी का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। हमने कौशल विकास में मजबूत आधार तैयार किया है और मुझे विश्वास है कि अब गुलाटी के नेतृत्व में एएसडीसी फ्यूचर स्किल्सड पर अधिक फोकस करेगा और ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को और स्किल्डे वर्कफोर्स मुहैया कराएगा।

विंकेश गुलाटी ऑटोमोटिव और शिक्षा क्षेत्र के जाने-माने व्यक्तित्व हैं। उन्होंने 2020 से 2022 तक फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस के प्रेसिडेंट के रूप में सेवा दी है और वर्तमान में यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स और यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का नेतृत्व कर रहे हैं। वह यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर हैं, जो प्रयागराज, फरीदाबाद और दिल्ली में महिंद्रा और बजाज वाहनों की प्रमुख डीलरशिप नेटवर्क है। इसके साथ ही, वह यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट भी हैं, जिसके अंतर्गत प्रयागराज स्थित यूनाइटेड यूनिवर्सिटी और यूनाइटेड मेडिसिटी सहित कई कॉलेज संचालित होते हैं।

एएसडीसी में बतौर वाइस प्रेसिडेंट काम करते हुए इलेक्ट्रिक वाहन, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल डायग्नोस्टिक्स के क्षेत्र में स्किल गैप को कम करने का उल्ले खनीय काम किया है।

### मिशन शक्ति 5.0 - नारी शक्ति का नया आयाम

# महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत श्रीमान पुलिस आयुक्त व श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनाँक 25.09.2025 को नगर जोन के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम व जागरूकता रैली में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत नगर जोन के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



# सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ

## गैंगस्टर में भी हाईकोर्ट से मिली जमानत

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैगेस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में इरफान की जमानत मंजूर कर ली है। सपा नेता आजम खां के बाद दूसरे सपा नेता इरफान सोलंकी के भी जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

न्यायमूर्ति समीर जैन ने इरफान के अलावा उनके भाई रिजवान और इजराइल आटे वाला की भी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। कानपुर की सीसामऊ सीट से इरफान विधायक थे। सजा के बाद उनकी विधायकी चली गई थी। उपचुनाव में इरफान की पत्नी ही यहां से विधायक चुनी गई थीं। इरफान सोलंकी पिछले 24 महीनों से महाराजगंज जेल में बंद हैं, जबकि अन्य आरोपी कानपुर जेल में हैं। हाईकोर्ट ने तीनों की जमानत अर्जी पर एक साथ सुनवाई की और दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद गत दो सितंबर को फैसला सुरक्षित कर लिया था। तीनों के खिलाफ कानपुर नगर के जाजमऊ थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। महराजगंज जिला कारागार में बंद पूर्व विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी और इजराइल आटे वाला के खिलाफ कानपुर के जाजमऊ थाने में यह मुकदमा दिसंबर 2022 में दर्ज हुआ था। जमानत के समर्थन में कहा गया था कि इरफान सोलंकी के विरुद्ध राजनीतिक रंजिश के कारण मुकदमे दर्ज़ कराए गए हैं। तीनों अभियुक्तों को अन्य सभी मुकदमों में ज़मानत मिल चुकी है। ऐसे में गैंगस्टर एक्ट के मामले में भी जमानत मंजूर की जाए। कोर्ट ने तथ्यों पर विचार के बाद इरफान सोलंकी सहित तीनों आरोपियों की ज़मानत मंजूर कर ली है। ज्ञात हो कि इरफान सोलंकी को हाल ही में अन्य मामलों में भी जमानत मिल चुकी है। मार्च 2025 में रंगदारी के एक मामले में उन्हें और उनके भाई रिजवान सोलंकी को जमानत मिली थी। इसके अलावा 1 अक्टूबर 2024 को बांग्लादेशी नागरिक के फर्जी दस्तावेज बनाने में मदद करने के आरोप में उन्हें जमानत मिली है।

इरफान सोलंकी को जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा के घर में आगजनी के मामले में कानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 7 जून 2024 को सात साल की सजा सुनाई थी। इस सजा के कारण उनकी विधानसभा सदस्यता भी रद्द हो गई थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में 14 नवंबर 2024 को जमानत तो दी थी, लेकिन सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।



**पुलिस उपायुक्त गंगानगर द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गई तथा निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।**

# एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। थाना घूरपुर की मिशन शक्ति केन्द्र टीम, एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा राधाकृष्णन इंटर कॉलेज थाना घूरपुर प्रयागराज में जाकर 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु समर्पित अभियान 'मिशन शक्ति-5.0' के क्रम में आज दिनांक-25.09.2025 को श्रीमान पुलिस आयुक्त व श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त यमुनानगर व अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के कुशल पर्यवेक्षण में यमुनानगर जोन के थाना घूरपुर में गठित मिशन शक्ति केन्द्र टीम, एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा थाना घूरपुर क्षेत्रान्तर्गत राधाकृष्णन इंटर कॉलेज में जाकर महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजना जैसे सुकन्या योजना, सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सामुहिक विवाह योजना आदि गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा- यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर क्राइम-1930 आदि व सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना के बारे में अवगत कराया गया, साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र, एण्टी-रोमियो स्क्वाड व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरूक किया गया । उक्त कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं/छात्राओं द्वारा प्रश्न किये गये जिन्हे उचित उत्तर देते हुए उनके डाउट को क्लियर किया गया ।



# भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका में चला स्वच्छता अभियान

## महाश्रमदान में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी। राज्य सरकार द्वारा 17 सितंबर से शुरू किए गए 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के अंतर्गत गुरुवार को भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'महाश्रमदान - एक दिवस, एक घंटा, एक साथ' इस अनोखे उपक्रम के तहत शहर के प्रमुख मार्गों और चौकों पर सफाई कार्य किया गया।आयुक्त एवं प्रशासक अनमोल सागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस महाश्रमदान कार्यक्रम के दौरान अंजूरफाटा से वंजारपट्टी नाका, ग्रीनलैंड होटल मार्ग, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, स्व.आनंद दिघे चौक से साईबाबा मंदिर रांजणोली नाका तक सफाई की गई। इसके अलावा स्व. हिंदुहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे उड्डाणपूल, स्व.राजीव गांधी उड्डाणपूल और ए.पी.जे. अब्दुल कलाम उड्डाणपूल के आसपास भी




अभियान चलाया गया।इस मौके पर माजी नगरसेवक, कई स्वयंसेवी संस्थाएं और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। साथ ही नगरपालिके के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में सहायक आयुक्त (स्वास्थ्य) शैलेश दोंदे, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख फैसल तातली, प्रभाग समिति क्र. 1 के सहायक आयुक्त मकसूम शेख, प्रभाग समिति क्र. 2 के माणिक जाधव, प्रभाग समिति क्र. 3 के सुरेंद्र भोईर, प्रभाग समिति क्र. 4 के गिरीष घोष्टेकर, प्रभाग समिति क्र. 5 के सईद चिवणे, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक जे. एम. सोनावणे और हरीश भंडारी समेत विभिन्न विभागों के प्रमुख भी उपस्थित रहे।महानगरपालिका की ओर से 400 सफाई कर्मचारियों ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकेगा।

# भिवंडी में अब बैनरबाज नेताओ पर होगी कड़ी कार्रवाई

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी। भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका ने शहर की स्वच्छता बिगाड़ने वाले बैनरबाज नेताओं और संगठनों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। आयुक्त एवं प्रशासक अनमोल सागर और उपायुक्त अतिक्रमण विक्रम दराडे के आदेश के बाद प्रभाग अधिकारियों ने उड़ान पुलों और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाए जा रहे बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स हटाने की मुहिम तेज कर दी है।

नगर पालिका प्रशासन ने साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि मेट्रो कॉलम, उड़ान पुलों के पिलर या अन्य सार्वजनिक जगहों पर बैनर और पोस्टर लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद किसी ने ऐसा किया तो उसके खिलाफ महाराष्ट्र प्रादेशिक नगर योजना एवं प्राधिकरण अधिनियम (शैंऊईंमू) के तहत फौजदारी मामला दर्ज किया जाएगा। प्रशासन ने जगह-जगह चेतावनी भरे बैनर लगाकर आम जनता और राजनीतिक




दलों को इस नियम की जानकारी भी दी है।

पिछले कुछ महीनों से शहर में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों द्वारा बैनरबाजी का सिलसिला बढ़ गया था। धार्मिक कार्यक्रमों से लेकर राजनीतिक कार्यक्रम, शादी-ब्याह, जन्मदिन, स्वागत समारोह के नाम पर जगह-जगह बड़े-बड़े पोस्टर लगाए जा रहे थे। इससे न केवल शहर की सुंदरता बिगड़ रही थी, बल्कि स्वच्छता अभियान पर भी पानी फिर रहा था। महापालिका प्रशासन की इस पहल का नागरिकों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि नियमों का उल्लंघन कर बैनरबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि शहर साफ-सुथरा और सुंदर दिखाई दे। वहीं नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि आगे से किसी भी हाल में सार्वजनिक स्थलों पर अवैध बैनरबाजी बर्दाश्त की जायेगी।

# भिवंडी-वाडा महामार्ग की मरम्मत के लिए 135 करोड़ रुपये स्वीकृत

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े भिवंडी-वाडा-मनोर मार्ग की मरम्मत के लिए आखिरकार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से इस सड़क के जीर्णोद्धार हेतु 135 करोड़ 30 लाख रुपये की निधि मंजूर कर दी गई है। भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने इस सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए बार-बार राज्य के सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंह राजे भोसले से मुलाकात कर शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की थी। उनके लगातार प्रयासों का ही नतीजा है कि अब इस अहम मार्ग की मरम्मत का रास्ता साफ हो गया है।

गौरतलब है कि भिवंडी-वाडा-मनोर मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। गड्ढों और टूटी सड़क की वजह से इस मार्ग पर कई लोगों की जान तक जा चुकी है। नागरिकों ने कई बार आंदोलन और शिकायतें कीं, लेकिन लंबे समय तक हालात जस के तस बने रहे।सांसद बाल्या मामा ने कहा कि वे कई बार मंत्री से मिले और प्रत्येक बैठक में उन्हें जल्द से जल्द निधि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। अब 135 करोड़ 30 लाख रुपये स्वीकृत होने के बाद जल्द ही मरम्मत का काम शुरू होगा। सांसद ने उम्मीद जताई कि काम पूरा होने पर नागरिकों का सफर आसान और सुरक्षित हो जाएगा।

# भिवंडी-निजामपुर मनपा मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**



भिवंडी। भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती श्रद्धा और आदर के साथ मनाई गई। महाराष्ट्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के 18 फरवरी 2025 के परिपत्रक और मनपा आयुक्त एवं प्रशासक अनमोल सागर (भा.प्र.से) के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम मनपा मुख्यालय के तल मंजिल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी रामप्रसाद सोलुंके, सहायक आयुक्त (स्वास्थ्य) शैलेश दोंदे, क्रीड़ा विभाग प्रमुख मिलींद पलसुले, सुरक्षा विभाग प्रमुख राजेश गोसावी, कर मूल्यांकन विभाग प्रमुख सुधीर गुरव और सहायक आस्थापना विभाग प्रमुख विनोद मनोरे समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने उपाध्याय जी के विचारों और उनके 'एकात्म मानववाद' दर्शन को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया और कहा कि उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# रेलवे स्टेशन आने वाले बुजुर्गों को लूटने वाला 'मदारी गिरोह' गिरफ्तार

मुंबई। बाहर से मुंबई आकर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बुजुर्गों को लूटने और उनके साथ संबंध बनाने वाले 'मदारी गिरोह' के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उनके नाम अफजल मदारी और मुश्ताक मदारी हैं, वे आभूषणों की चोरी कर मुंबई से अपने पैतृक गांव भाग जाते थे। ऐसी ही एक घटना में इन दोनों को गिरफ्तार करने के बाद, रेलवे पुलिस अब उनके साथियों की तलाश कर रही है। ठाणे यूनिट 2 (क्राइम ब्रांच) पुलिस ने बड़ी तत्परता से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपये के सोने के आभूषण जब्त किए हैं।



इस संबंध में कल्याण रेलवे पुलिस ठाणे में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ताओं में से एक, गोपाल सावलाराम राणे (शास्त्री नगर), एक सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं वह सुबह प्लेटफार्म नंबर 1 पर शौचालय के बाहर रुक गया। उस समय, दो अज्ञात लोगों ने शिकायतकर्ता से बात की और उसका विश्वास हासिल किया। फिर, उन्होंने चालाकी से उसकी उंगली से सोने की अंगूठी निकाल ली। लेकिन काफी देर बाद, उसने इस मामले को देखा। इसलिए वह बाद में पुलिस के पास गया। उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच करना शुरू की पुलिस को पता चला कि कुर्ला रेलवे पुलिस स्टेशन में इसी तरह का एक और मामला दर्ज किया गया था। दूसरी ओर, चूंकि ऐसे कुछ मामले दर्ज थे।

इसलिए रेलवे पुलिस आयुक्त एम. राकेश कलासागर ने स्थानीय पुलिस और अपराध शाखा पुलिस को ऐसे पंजीकृत मामलों की समानांतर जांच करने और अपराध को सुलझाने का आदेश दिया था। तदनुसार, अपराध शाखा के तहत मुंबई - ठाणे यूनिट 2 की जांच टीम समानांतर रूप से अपराध की जांच कर रही थी। इस बीच, कल्याण और कुर्ला रेलवे स्टेशनों और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। यह पाया गया कि दोनों मामलों के आरोपी एक ही थे फिर जाँच दल येवला गया और स्थानीय पुलिस की मदद से सीसीटीवी फुटेज देखी। उसके बाद, आरोपियों की पहचान होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने अपना नाम अफ़ज़ल अमजद मदारी और मुश्ताक नजमुद्दीन मदारी बताया और बताया कि वे मदारी वस्ती, सावरगाँव, येवला, ज़िला नासिक में रहते हैं।

इस बीच, आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और उन्हें अपराध में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इस बीच, पुलिस हिरासत में आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गहने ज़ब्त कर लिए गए हैं। इसमें कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन और कुर्ला रेलवे पुलिस स्टेशन में हुए अपराध के गहने शामिल हैं।

# अवैध ड्रेनेज और पानी की चोरी करने वालों पर एफआईआर दर्ज

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी।भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के पानी पुरवठा विभाग ने गुरुवार को अवैध रूप से ड्रेनेज लाइन और पानी के कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। तीन अलग-अलग जगहों पर हुई कार्रवाई में लाखों रुपये के नुकसान की भरपाई के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ भोईवाडा पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया है। शहर के धोबी तलाव स्टेडियम के पीछे रोशन बाग इलाके में आसिफ शेख नामक व्यक्ति ने मनपा की पूर्व अनुमति लिए बिना नगर पालिका की सड़क खोदकर इमारत के लिए ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया। इस कारण सड़क को करीब 98 हजार रुपये का नुकसान हुआ। इसी तरह केसर बाग, ठाणा रोड इलाके में प्लंबर नसीम अख्तर अंसारी (उर्फ चुन्नू) और मुमताज अंसारी (उर्फ बब्बिया) ने नगर पालिका की नालवाहिनी को छेदकर सात अवैध पानी के कनेक्शन ले रखे थे। आधा इंच व्यास के इन कनेक्शनों से मनपा को करीब 84 हजार रुपये का नुकसान हुआ। तीसरे मामले में चार चाली, दर्गा रोड क्षेत्र में समीर मोहम्मद यूसुफ मोमीन (समीर प्लंबर) ने भी नगर पालिका की जाल वाहिनी को छेदकर छह मंजिला इमारत के लिए पांच अवैध पानी कनेक्शन ले रखे थे। इस कारण मनपा को करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पालिका ने उक्त सभी के खिलाफ भोईवाडा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करवाया है। यह कार्रवाई मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर के आदेशानुसार कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के मार्गदर्शन और उप अभियंता सरफराज अंसारी के नेतृत्व में की गई। पथक प्रमुख विराज भोईर और सहायक पथक प्रमुख नफीस मोमीन समेत अन्य कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया। मनपा अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि अवैध ड्रेनेज और पानी कनेक्शन लेने वालों पर आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के आरोपी को सात साल की कैद, आठ साल बाद आया फैसला

भिवंडी।पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में मजदूर की हत्या के मामले में भिवंडी जिला एवं सत्र न्यायालय ने आठ साल बाद मुख्य आरोपी को सजा सुनाई है। अदालत ने पद्मानगर निवासी रामशीला फुलकरण पासवान (29) को सात साल की कठोर कैद और आठ हजार रुपये के जुर्माने की सजा दी है। जुर्माना न भरने की स्थिति में आरोपी को चार महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। मामला 19 नवंबर, 2017 का है। नारायण कंपाउंड इलाके में कमलेश कुमार पटेल नामक मजदूर की हत्या पैसों के विवाद को लेकर कर दी गई थी। आरोप है कि आरोपी रामशीला पासवान ने अपने साथियों के साथ मिलकर लकड़ी के डंडों और कुंद वस्तुओं से पटेल पर हमला किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई।हत्या के बाद शहर पुलिस ने रामशीला पासवान के अलावा उसके साथियों–राधेश्याम उर्फ दद्दन सियाराम श्रीवास्तव, कन्हैया बालू मल्ला, छोटूनाथ उर्फ बिपिननाथ रचनाथ बंगाली, फुलकरण मोहन पासवान और दादू सियाराम पासवान–को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था।सरकारी वकील एडवोकेट विजय मुंढे ने बताया कि इस मामले में करीब 14 गवाहों की गवाही हुई। सभी सबूतों और गवाहियों को देखते हुए सोमवार को न्यायाधीश एन.के. काले ने मुख्य आरोपी को सात साल की कैद की सजा सुनाई।आठ साल तक चले इस मुकदमे के बाद आए फैसले से मृतक के परिजनों को न्याय की उम्मीद मिली है।

**'एक राष्ट्र - एक घंटा - स्वच्छ भारत के लिए एक साथ!'**

# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के अंतर्गत 'श्रमदान' का आयोजन

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत 25 सितंबर 2025 को मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' थीम के अंतर्गत एक बृहत श्रमदान गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल में रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (आरई) श्री रामेंद्र कुमार तिवारी, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार, पश्चिम रेलवे मुख्यालय और मुंबई सेंट्रल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों, मुख्यालय, मंडल और मुंबई सेंट्रल स्टेशन के कर्मचारियों, साथ ही स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक स्वच्छ एवं हरित सार्वजनिक पर्यावरण के लिए एकजुटता की भावना का प्रदर्शन किया। इस अभियान में स्टेशन के सबसे व्यस्त और चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक, पार्सल कार्यालय क्षेत्र में व्यापक सफाई गतिविधियाँ शामिल थीं, जिससे भारतीय



रेल के स्वच्छ और यात्री-अनुकूल परिसर प्रदान करने के मिशन को बल मिला।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, श्रमदान अभियान केवल सफाई गतिविधियों तक सीमित नहीं था, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने वाला एक समग्र अभियान था। पार्सल कार्यालय क्षेत्र में गहन सफाई अभियान में 50 से अधिक रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। लोअर परेल वर्कशॉप की रेलवे सांस्कृतिक टीम द्वारा मुख्य प्रतीक्षालय में प्रस्तुत एक मनमोहक नुक्कड़ नाटक ने 120 से अधिक यात्रियों को आकर्षित किया, जिसमें स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और व्यवहार परिवर्तन का संदेश दिया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के एक प्रतीकात्मक संकेत के रूप में, मुंबई सेंट्रल के सर्कुलेटिंग गार्डन क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (आरई) श्री रामेंद्र कुमार तिवारी और पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार ने पौधे लगाए। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के प्रति पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है तथा स्वच्छ, हरित एवं सौंदर्यपरक रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी की शक्ति को उजागर करती है।

# 'स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत व्यसन निवारण पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूकता अभियान

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण परिवार, समाज और पूरे देश की प्रगति का आधार है। इसी उद्देश्य से, नगर आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह अभियान भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के संयोजन में चलाया जा रहा है।

'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत, नवी मुंबई नगर निगम के वाशी सार्वजनिक अस्पताल में व्यसन पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। अन्वय व्यसन मुक्ति केंद्र, मराठी साहित्य, संस्कृति एवं कला मंडल और नशाबंदी मंडल, महाराष्ट्र राज्य द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के विजेता ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 150 से अधिक अस्पताल अधिकारी-कर्मचारी तथा लाभार्थी उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक के बाद, उपस्थित लाभार्थियों को नशा मुक्ति संबंधी पत्रक वितरित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत, नवी मुंबई नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 5 अस्पतालों और 26 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन सामान्य स्वास्थ्य जाँच की जा रही है, जिसमें महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अब तक 249 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। 26,052 महिलाओं और 20,842 पुरुषों सहित कुल 46,901 लाभार्थियों की जाँच की जा चुकी है। उन्हें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएँ भी प्रदान की गई हैं।

# एशिया कप 2025 : भारतीय क्रिकेट को मिला नया 'सिक्सर किंग'

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सिर्फ 21 टी20 मुकाबलों में ही अभिषेक शर्मा ने ऐसा तूफ़ानी खेल दिखाया है कि वह भारतीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बनकर उभरे हैं। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने अब तक 58 छक्के उड़ाए हैं और इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच चुके हैं।

जुलाई 2024 में टी20 डेब्यू करने वाले अभिषेक ने बहुत कम समय में धाक जमा दी। उनके बाद केवल ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60) ही उनसे आगे हैं। भारत के लिए वह पहले ही टी20 में सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वालों में टॉप-10 में जगह बना चुके हैं।

अभिषेक हर 6.83 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं, यह औसत उन 153 बल्लेबाज़ों में दूसरा सबसे अच्छा है जिन्होंने कम से कम 50 छक्के लगाए हों। फुल-मेंबर देशों के खिलाड़ियों में वह पहले स्थान पर हैं, जहां उनके पीछे वेस्टइंडीज़ के आंद्रे रसेल (7.21) आते हैं।

अभिषेक हर पारी में औसतन 2.76 छक्के जड़ते हैं। यह आँकड़ा उन्हें इस फॉर्मेट में दुनिया के टॉप-2 में ले जाता है। करणबीर सिंह (3.14) उनसे आगे हैं, लेकिन अभिषेक का यह आंकड़ा एविन लुईस जैसे दिग्गजों से भी बेहतर है। एशिया कप 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ़ उन्होंने एक पारी में पाँच छक्के जड़कर अपनी ताक़त फिर साबित की। भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ रोहित शर्मा (13 बार) और सूर्यकुमार यादव (9 बार) ही अभिषेक से ज़्यादा बार एक मैच में पाँच या उससे ज़्यादा छक्के लगा पाए हैं।



अभिषेक ने पावरप्ले ओवरों (पहले छह) में 32 छक्के उड़ाए हैं, जो उन्हें शुरुआती ओवरों में सबसे विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज़ बना देता है। वहीं बीच के ओवरों में उनके नाम 23 और डेथ ओवरों में 3 छक्के दर्ज हैं। खास बात यह है कि वह स्पिनरों के खिलाफ हर 6 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं।

पंत, रोहित या गिल नहीं बल्कि अभिषेक ने टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज़ 50 छक्के पूरे करने का कारनामा कर दिखाया। उन्होंने यह मुकाम सिर्फ 331 गेंदों में हासिल किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड जिब्राल्टर के केरोन स्टैग्नो (335 गेंद) के नाम था। फुल-मेंबर देशों में एविन लुईस ने 366 गेंदों में यह उपलब्धि पाई थी।

### एशिया कप, पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश

# अहम मुकाबले से पहले बांग्लादेश की पाकिस्तान को चेतावनी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। एशिया कप 2025 में सभी की निगाहें बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच होने वाले सुपर-4 के अहम मुकाबले पर टिकी हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान जैकर अली ने आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में कहा कि उनकी टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को कम नहीं आंकती और अपनी मजबूतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। जैकर अली ने इस रोमांचक मुकाबले से पहले कहा, 'हम किसी को भी हल्के में नहीं लेते। बल्कि अपनी ताकत और क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दो बार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद ये अनुभव आगे चलकर निश्चित रूप से काम आएंगे।'

पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश का टी20 रिकॉर्ड चुनौतीपूर्ण रहा है, जहां उसने 25 मैचों में केवल 5 जीत हासिल की। तन्जिद हसन, शमीम हुसैन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान जैसे खिलाड़ी बांग्लादेश के लिए जीत का रास्ता बदलने में अहम भूमिका निभाएंगे। अनुभव और युवा जोश के मिश्रण के साथ जैकर अली की टीम पाकिस्तान की मजबूत लाइनअप को चुनौती देने के लिए तैयार होगी।



अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में सुपर-4 के अहम मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट से जीत के बाद पाकिस्तान इस मुकाबले में लय के साथ उतरेगा। शाहीन अफरीदी, फखर जमान और हारिस रऊफ जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से टीम का आत्मविश्वास और बढ़ेगा, जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान सलमान अली आगा आक्रामक बल्लेबाजों और विकेट लेने वाले गेंदबाजों के मिश्रण वाली एक संतुलित टीम तैयार करना चाहेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि फाइनल में जगह पक्की करने के लिए जीत बेहद जरूरी है।

संभावित प्लेइंग 11 - पाकिस्तानः सैमअयूब, साहबजादा फरहान, फखर जमां, सलमान आगा(कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशर, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ़, अबरार अहमद। बांग्लादेशः सैफ हसन, तंज़ीद हसन तमीम, परवेज़ हुसैन इमोन, तौहीद हृदयोय, शमीम हुसैन, जेकर अली (कप्तान एवं विकेटकीपर), मोहम्मद सैफुद्दीन, रिशद हुसैन, तन्ज़ीम हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान।

# भारत अपनी मजबूत आर्थिक बुनियाद से अनिश्चितता में भी जुझारू बना रहा : सीतारमण

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपने मजबूत वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलुओं के दम पर जुझारूपन दिखाने में सफल रहा है।

सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 91वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पिछले एक वर्ष में वैश्विक माहौल में अनिश्चितता बढ़ी है और उसका असर विभिन्न देशों पर महसूस किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, ''लेकिन इन सबके बीच भारत की मजबूती अलग नजर आती है। मजबूत वृहद-आर्थिक बुनियाद, युवा जनसंख्या और घरेलू मांग पर अधिक निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य ताकत है।''

वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भी यह मजबूती बनी रही और इस अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही।



उन्होंने कहा, ''यह महज संयोग नहीं है। यह सक्रिय राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों, साहसिक संरचनात्मक सुधारों, बड़े पैमाने पर भौतिक एवं डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण, बेहतर शासन और प्रतिस्पर्धा में वृद्धि का परिणाम है।''

इस मौके पर वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अधिक ऋण देने पर जोर दिया। उन्होंने बैंकों से शिक्षा ऋण को भी प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा ऋण का कोई भी आवेदन अस्वीकार नहीं होना चाहिए।

नागराजू ने बैंकों से कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में ऋण प्रवाह बढ़ाने का आग्रह किया। हालांकि इसके साथ उन्होंने कर्ज की गुणवत्ता को लेकर सतर्क रहने के लिए भी कहा।

# जूनियर विश्व कप : महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरूआत की।



कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में दीपेंद्र सिंह शेखावत ने रजत पदक और रोहित कन्यान ने कांस्य पदक हासिल किया। दीपेंद्र ने 617.9 अंक जबकि रोहित ने 616.3 अंक बनाए। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट कामिल नुरियाखमेतोव ने 618.9 अंक बनाकर जीता।

# साई सुदर्शन को प्रदर्शन के आधार पर नहीं मिला वेस्टइंडीज के खिलाफ मौका

## अगरकर ने बताई असली वजह

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने साफ कर दिया है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में साई सुदर्शन का चयन सिर्फ प्रदर्शन के आधार पर नहीं, बल्कि उनके भविष्य को ध्यान में रखकर किया गया है। अगरकर का मानना है कि साई ने अब तक जितना खेला है, उसमें उन्होंने भरोसा जगाया है और उन्हें लंबे समय तक मौके दिए जाने चाहिए।

अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास या अनुपस्थिति के बाद टीम को नई नींव की ज़रूरत है। ऐसे में साई जैसे युवाओं को सही नंबर पर लगातार मौके देकर उन्हें तैयार करना चयनकर्ताओं की प्राथमिकता है।

हालाँकि भारत इंग्लैंड में सीरीज़ जीत नहीं सका, लेकिन अगरकर का कहना है कि वहाँ कई युवा खिलाड़ियों ने जुझारूपन और क्लास दिखाई। साई भी उनमें से एक थे और उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। अगरकर के अनुसार, यही विश्वास अब उन्हें घरेलू सीरीज में जगह दिला रहा है।

करुण नायर के बाहर होने पर अगरकर ने स्पष्ट किया कि इंग्लैंड दौरे पर उनसे उम्मीदें ज़्यादा थीं, लेकिन वे निरंतरता नहीं दिखा सके। वहीं, देवदत्त पडिक्कल को मौका मिलने की वजह उनका हालिया प्रदर्शन और पिछला अनुभव रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मौके मिलने पर उपयोगी पारियां खेलीं और इंडिया ए में भी अच्छा प्रदर्शन किया।भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच यह दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होगी। इस सीरीज़ में नज़रें साई सुदर्शन पर होंगी, जिनसे टीम को लंबे समय तक योगदान की उम्मीद है।


## पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, इच्छुक एजेंसियों से खुले बाजार से निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र संख्या एवं दिनांक | WR-HQ0PR(PRSM)/2/2025, दिनांक 26/09/2025 |
| सेवा/कार्य का पूरा नाम | पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन (दो वर्षों के लिए) |
| सेवा/कार्य की अनुमानित कुल लागत | प्रति वर्ष लागत 4,08,51,600/- (केवल चार करोड़ आठ लाख इक्यावन हजार छह सौ रुपये) (लागू जीएसटी सहित) दो वर्षों के लिए लागत - 8,17,03,200/- (केवल आठ करोड़ सत्रह लाख तीन हजार दो सौ रुपये) (लागू जीएसटी सहित) |
| बयाना राशि | रू. 5,58,520/- (केवल पाँच लाख अट्ठावन हज़ार पाँच सौ बीस रुपये) |
| आवेदन पत्र की लागत (वापसी योग्य नहीं) | रेलवे काउंटर पर नकद रू.11,800/- (लागू जीएसटी सहित) (केवल ग्यारह हजार आठ सौ रुपये) जमा करें। या यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया गया हो - प्रधान वित्तीय सलाहकार, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर (यदि आवेदन पत्र डाक द्वारा चाहिए - रू.500/- अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा) |
| पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करने/ जनसंपर्क कार्यालय से खरीदने की अंतिम तिथि | 17/10/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 17/10/2025 को 14:00 बजे तक |
| आवेदन खुलने की तिथि और समय | 17/10/2025 को 14:30 बजे से |
| आवेदन जमा करने और आवेदन खोलने का स्थान | सीपीआरओ कार्यालय, तृतीय तल, चर्चगेट स्टेशन भवन, पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई-400020। |
| वेबसाइट का विवरण जहां से आवेदन पत्र, चयन प्रक्रिया और नियम व शर्तें आदि डाउनलोड की जा सकती हैं | wr.indianrailways.gov.in |

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


# युजवेंद्र चहल से भारी एलिमनी मांगने के दावों पर धनश्री ने तोड़ी चुप्पी

## बोलीं- बुरा लगा कि उसने ऐसा क्यों किया?

नई दिल्ली। धनश्री वर्मा इन दिनों रियलिटी शो 'राइज़ एंड फॉल' में नजर आ रही हैं। इस शो में वो समय-समय पर क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अलग होने और तलाक के बारे में बात करती रहती हैं। हाल ही में, धनश्री ने एक बार फिर अपने अलगाव के बारे में बात की और उन्हें लेकर जो एलिमनी लेने के दावे किए जा रहे हैं वो सभी गलत हैं। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे उनकी और युजवेंद्र की शादी को चार साल हो गए थे और वो दोनों एक साल पहले ही अलग हो गए थे। जब आदित्य नारायण ने धनश्री से पूछा कि उनके तलाक को कितना समय हो गया है, तो उन्होंने कहा, 'आधिकारिक तौर पर, लगभग एक साल हो गया है। ये जल्दी हुआ क्योंकि ये आपसी सहमति से हुआ था, इसलिए जब लोग एलिमनी कहते हैं, तो ये गलत है। सिफ इसलिए कि मैं कुछ नहीं कह रही, तुम कुछ भी कहते रहोगे? मेरे माता-पिता ने मुझे सिखाया है कि सिर्फ उन्हीं लोगों के सामने अपनी बात कहूं जिनकी मुझे परवाह है। जो तुम्हें जानते तक नहीं, उन्हें समझाने में समय क्यों बर्बाद करना?'





आदित्य ने पूछा कि उनकी शादी को कितना समय हो गया है। धनश्री ने जवाब दिया, 'हमारी शादी को चार साल हो गए थे, उससे पहले हमने 6-7 महीने डेट किया था।' नयनदीप ने उनसे पूछा कि जब एलिमनी को लेकर इतने सारे आरोप लगे थे, तो क्या वो इस पर कुछ बोलना नहीं चाहती थीं? धनश्री वर्मा ने कहा, 'आखिरकार, जब आप ऐसा होते देखते हैं तो आपको दुख होता है। इसकी जरूरत नहीं थी। इसमें कुछ भी सच नहीं है। मुझे ये सोचकर और भी बुरा लगा कि उसने ऐसा क्यों किया? कोई बात नहीं, मैं हमेशा उसका सम्मान रखूंगी, यही मेरा विश्वास है। अब, मुझे नहीं लगता कि मैं किसी को डेट कर सकती हूं।'

पिछले हफ्ते शो में, धनश्री अपने कैरेक्टर पर सवाल उठाए जाने के बाद रो पड़ीं। धनश्री ने कहा था, 'मैंने शो में कभी किसी के खिलाफ कुछ नहीं कहा, फिर भी मैंने कभी अपनी निजी जिंदगी को शो में नहीं घसीटा। मुझे बताया गया कि मैं प्रभावित हो रही हूं, लेकिन ये सच नहीं है, मुझे यह माहौल पसंद नहीं है।'


## मध्य रेल

**भुसावल मंडल**

**निविदा सूचना**

**नविदा क्रमांक** – 93256041, **1) मात्रा** – 05 Nos, **2) मात्रा** – 91 Nos, **3) मात्रा** – 91 Nos, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय:**- 15/10/2025 को 11:30 बजे, **संक्षिप्त विवरण** – 1) Supply of Server Hardware and software for centralized monitoring of voice communication with voice logging between stations. 2) Supply and Installation of 02 channel Voice Data Recording and Processing Unit. 3) Supply and installation of VHF Receiver to record communication with in the radio. **नोट** – इस निविदा का विवरण रेल्वे की निम्न साईट पर उपलब्ध है www.ireps.gov.in

SUN 03 **वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है


# क्या करण जौहर और फराह खान ने सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा को नज़रअंदाज़ किया? फिल्म निर्माता ने दी सफाई

मुंबई। फराह खान ने हाल ही में एक ट्रोल पर निशाना साधा, जब उनका और करण जौहर का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कथित तौर पर सलमान खान के बहनोई और अर्पिता शर्मा के पति आयुष शर्मा को होमबाउंड के प्रीमियर पर नज़रअंदाज़ किया गया था। फराह ने वीडियो पर टिप्पणी की और ट्रोल्स से 'बकवास लिखना बंद करने' के लिए कहा।

वीडियो में आयुष को करण की फिल्म होमबाउंड के प्रीमियर पर पैपराज़ी के लिए पोज़ देते हुए दिखाया गया है। फिर हम फराह और करण, जो सालों से दोस्त हैं, को हाथ पकड़े हुए और मीडिया के लिए पोज़ देने के लिए रेड कार्पेट पर जाते हुए देखते हैं। दोनों आयुष को क्रॉस करते हुए दिखाई देते हैं और बातचीत में व्यस्त होने के कारण उनका अभिवादन नहीं करते।

सोमवार को, करण और फराह आगामी प्रोडक्शन वेंचर होमबाउंड के प्रीमियर में शामिल होने के लिए बाहर निकले। होमबाउंड के प्रीमियर के रेड कार्पेट के एक वीडियो में आयुष तस्वीरों के लिए पोज़ देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जब करण और फराह उनकी मौजूदगी को पहचाने बिना उनके पास से गुज़र गए, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्होंने जानबूझकर उन्हें अनदेखा किया। इस घटना ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियाँ बटोरीं और बॉलीवुड हस्तियों के बीच के रिश्ते पर खूब चर्चा हुई। फ़राह को इंस्टाग्राम पर यह बातचीत और एक वीडियो मिला और उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अपना जवाब दिया। तीन बच्चों की माँ ने लिखा, 'कृपया बकवास लिखना बंद करें.. मैं कभी किसी को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकती.. खास़कर आयुष को तो नहीं।'

फ़राह ने आगे कहा, 'अभी-अभी उनके और अर्पिता के साथ एक व्लॉग शूट किया है.. बस उन्हें इतनी जल्दी में तो नहीं देखा.. बस इसे खराब दिखाने के लिए स्लो मोशन में बनाया है?' फ़राह ने अप्रैल में आयुष, अर्पिता और उनके बच्चों - बेटे आहिल और बेटी आयत के साथ शूट किया गया व्लॉग पोस्ट किया था।


## पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/97/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81255196 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ 1(One) मीटर Long फिश प्लेट | 18797 पेअर | 10.10.2025 |
| 2 | 80251971A | हीट ट्रांसफर FLUID क्लैरिएन्ट मेक COOLANT | 19485 किलोग्राम. | 18.10.2025 |
| 3 | 61251652 | M.S. वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स क्लास | 1159902 मीटर | 20.10.2025 |
| 4 | 38251868 | ब्रेक बीम कम्पलीट विथ बुश | 2409 नंबर. | 22.10.2025 |
| 5 | 20254100 | End फ्रेम नॉन-ड्राइविंग End Assly (Machined) | 49 नंबर. | 24.10.2025 |
| 6 | 38252605 | फ्लैप DOOR फॉर BCNA वैगन | 3727 नंबर. | 03.11.2025 |
| 7 | 50254007 | रेड,ग्रीन & YELLOW ASPECT MAIN LED SIGNAL | 4385 नंबर. | 06.11.2025 |
| 8 | 38252606 | कम्पलीट ASSEMBLY ऑफ स्विंग DOOR | 1257 सेट. | 07.11.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)
**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## पश्चिम रेलवे द्वारा पाँच जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरो का विस्तार

| ट्रेन संख्या | से | तक | चलने के दिन | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|---|
| 09061 | बांद्रा टर्मिनस | बरौनी | सोमवार | 24.11.2025 |
| 09062 | बरौनी | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 27.11.2025 |
| 09033 | उधना | बरौनी | मंगलवार और शनिवार | 25.11.2025 |
| 09034 | बरौनी | उधना | गुरुवार और सोमवार | 27.11.2025 |
| 09041 | उधना | बलिया | गुरुवार | 27.11.2025 |
| 09042 | बलिया | उधना | शुक्रवार | 28.11.2025 |
| 09067 | उधना | जयनगर | रविवार | 23.11.2025 |
| 09068 | जयनगर | उधना | सोमवार | 24.11.2025 |
| 09069 | उधना | समस्तीपुर | रविवार | 23.11.2025 |
| 09070 | समस्तीपुर | उधना | मंगलवार | 25.11.2025 |

ठहराव के समय और संशोधित संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09061, 09033, 09041, 09067 और 09069 की विस्तारित यात्राओं की बुकिंग 26.09.2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly
Follow us on: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

# 'एक्सिओम-4 से सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण शोध बना आसान', शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा की उपलब्धि बताई

मुंबई। एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा रहे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा की उपलब्धि के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि एक्सिओम-4 मिशन ने हमें बहुत कुछ सिखाया। इस मिशन ने भारत के लिए सूक्ष्म- गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) अनुसंधान को सुगम बना दिया है।

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि भारत के शोधकर्ता के पास सूक्ष्म-गुरुत्व प्लेटफार्मों तक पहुंच नहीं थी, लेकिन अब वे एक्सिओम-4 पर किए गए प्रयोगों के परिणामों का मूल्यांकन कर रहे हैं। एक्सिओम-4 मिशन की उपलब्धि यह है कि इस मिशन से हमने देश के लिए सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अनुसंधान के द्वार खोल दिए हैं। अब यह होता रहेगा।

उन्होंने कहा कि शोधकर्ता समझ गए हैं कि यह कैसे किया जाता है। इसमें चुनौती यह है कि अगर आप जमीन पर कोई प्रयोग करते हैं और उसे अंतरिक्ष में दोहराते हैं, तो यह कोई साधारण स्थानांतरण नहीं होता है। यह पर्यावरण परिवर्तन के कारण बेहद जटिल है। हर चीज पर विचार करना होता है, लेकिन अब इस प्रक्रिया को समझा जा चुका है।



**अंतरिक्ष में किए प्रयोग भारतीय अंतरिक्ष मिशन्स के लिए रहे कारगर**

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष में प्रवास के दौरान उन्होंने कई प्रयोग किए। ये सब भारत के नियोजित मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर मानवयुक्त मिशन पर केंद्रित थे। मिशन के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए प्रयोगों में मांसपेशियों के पुनर्जनन, शैवाल वृद्धि, फसल की व्यवहार्यता (जैसे मेथी और मूंग के बीज अंकुरण) और देश में पाए जाने वाले टार्डिग्रेड्स जैसे सूक्ष्मजीवों की उत्तरजीविता का अध्ययन शामिल था।

**देश के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के सपने को दिया बढ़ावा**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि देश के मानव अंतरिक्ष गगनयान मिशन की आधिकारिक समय-सीमा 2027 है और एक्सिओम 4 की उड़ान गगनयान मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा, हमने पहले ही एक ऐसी प्रक्रिया स्थापित कर ली है जिसके तहत सारी जानकारी सिस्टम में वापस आ रही है। हम जो कुछ भी कर रहे थे, उसे परिष्कृत करना शुरू कर दिया है, क्योंकि मानव अंतरिक्ष मिशन बहुत पेचीदा होते हैं और इससे जुड़े काम का पैमाना और नतीजा बदल जाता है। उन्होंने ने देश नियोजित अंतरिक्ष स्टेशन पर कहा कि एक्सिओम 4 मिशन ने भारत के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के सपने को भी बढ़ावा दिया है। काम शुरू हो चुका है और वैचारिक रूप से यह परिक्रमा करने वाली प्रयोगशालाओं जैसा है।

**हार से न डरें, ये बहुत कुछ सिखाती है**

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला आईएसएस पर 18 दिनों के प्रवास के बाद जुलाई में पृथ्वी पर लौटे। राकेश शर्मा की 1984 की उड़ान के बाद वे अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुक्ला ने कहा, सूक्ष्मगुरुत्वाकर्षण पर शोध करने का अनूठा पहलू यह है कि आप ऐसे वातावरण में जीवन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जहां उसका अस्तित्व नहीं होना चाहिए। जब आप ऐसा करने की कोशिश करते हैं, तो आप ऐसे समाधान खोज निकालते हैं जो पृथ्वी पर उन समस्याओं का समाधान करते हैं जिनके बारे में आपने सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि हार से डरना नहींचाहिए, क्योंकि हार बहुत कुछ सिखा सकती है। हमें कामयाबी की बजाय हार का जश्न मनाना शुरू करना चाहिए, ताकि हम अपने बच्चों को प्रोत्साहित कर सकें कि असफलता भी इस प्रक्रिया का हिस्सा है। हमें यही बात बच्चों में डालने की जरूरत है।

# बीएसएफ ने सीमा पर 80 लाख से अधिक की सोने की तस्करी को किया विफल, एक तस्कर गिरफ्तार

कोलकाता। भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा (नदिया जिला) पर बीएसएफ ने एक बार फिर से सोने की तस्करी को नाकाम कर दिया। जवानों ने बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से लाए जा रहे 719.2 ग्राम वजनी छह सोने के बिस्कुट जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 80.55 लाख है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।



**बीएसएफ ने चलाया पूरा ऑपरेशन**

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने के मुताबिक सीमा सुरक्षा बल की 32वीं वाहिनी, बनपुर सीमाचौकी को खुफिया सूचना मिली कि इलाके से बांग्लादेश से सोने की तस्करी हो सकती है। जवानों ने तत्काल रणनीति बनाकर तारबंदी के पास आम और केले के बागानों में दो समूहों में घात लगाई। सुबह करीब 08:30 बजे दो भारतीय और दो बांग्लादेशी तस्कर सीमा के दोनों ओर से आगे बढ़ते दिखाई दिए। बांग्लादेशी तस्करों ने छोटे प्लास्टिक पैकेट भारतीय तस्करों की ओर फेंके। जैसे ही भारतीय तस्कर उन्हें उठाने लगे, बीएसएफ जवानों ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया।

गिरफ्तार तस्कर के पास से दो प्लास्टिक पैकेट और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। घटनास्थल से एक अतिरिक्त मोबाइल फोन भी मिला। जब्त पैकेटों की जांच में कुल छह सोने के बिस्कुट बरामद हुए, जो तस्करी के लिए भेजे गए थे। जब्त किए गए सोने के बिस्कुट और गिरफ्तार तस्कर को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

# मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का यह नया नियम

नई दिल्ली। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।




अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी।

**पहली बार बिहार में होगी लागू**

नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

**पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था**

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

**डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी**

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है।

# आर्यन खान की सीरिज से नाराज हुए समीर वानखेड़े, शाहरुख-गौरी और नेटफ्लिक्स के खिलाफ एचसी में दायर की याचिका

मुंबई। आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में एक मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में अभिनेता शाहरुख खान और गौरी खान के स्वामित्व वाली रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स और अन्य के खिलाफ स्थायी और अनिवार्य निषेधाज्ञा, घोषणा और हर्जाने के रूप में राहत की मांग की गई है। रेड चिलीज़ द्वारा निर्मित और नेटफ्लिक्स द्वारा अपनी टेलीविज़न सीरीज़ 'द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड' के एक भाग के रूप में प्रसारित एक झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक वीडियो से व्यथित हैं। यह सीरीज़ नशीली दवाओं के खिलाफ प्रवर्तन एजेंसियों का भ्रामक और नकारात्मक चित्रण करती है, जिससे कानून प्रवर्तन संस्थानों में जनता का विश्वास कम होता है। इस श्रृंखला की संकल्पना और क्रियान्वयन जानबूझकर समीर वानखेड़े की प्रतिष्ठा को कलंकित और पूर्वाग्रहपूर्ण तरीके से धूमिल करने के इरादे से किया गया है, खासकर तब जब समीर वानखेड़े और आर्यन खान से जुड़ा मामला माननीय बॉम्बे उच्च न्यायालय और



एनडीपीएस विशेष न्यायालय, मुंबई में लंबित और विचाराधीन है।

इसके अलावा, सीरिज में अन्य बातों के अलावा, एक पात्र को सत्यमेव जयते का नारा लगाने के बाद अश्लील इशारा करते हुए दिखाया गया है। सत्यमेव जयते राष्ट्रीय प्रतीक का हिस्सा है। शिकायत में कहा गया है कि यह कृत्य राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का गंभीर और संवेदनशील उल्लंघन है, जिसके लिए कानून के तहत दंडात्मक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इसके अलावा, इस सीरिज का कंटेंट सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करती है। यह अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री के इस्तेमाल से राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुँचाने का प्रयास करती है। कैंसर रोगियों के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को 2 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का दावा किया गया है।

गौरतलब है कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने नेटफ्लिक्स सीरीज़ 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से निर्देशन में कदम रखा है। इस शो के निर्माता आर्यन खान हैं और बिलाल सिद्दीकी व मानव चौहान इसके सह-निर्माता हैं। गौरी खान की रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस ड्रामा शो में लक्ष्य, सहर बंबा, मनोज पाहवा, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, अन्या सिंह, मोना सिंह, विजयंत कोहली, रजत बेदी और गौतमी कपूर जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# 'भाजपा कितना भी झूठ बोले, हम पिछड़े वर्गों को पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पबद्ध', राहुल गांधी का बयान

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे कितना भी झूठ और भ्रम फैलाए, महागठबंधन अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों को पूरा अधिकार दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी का यह बयान तब आया है, जब एक दिन पहले बिहार में विपक्षी गठबंधन ने 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' पत्र जारी किया है।

राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार के प्रभावशाली अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) से वादा किया कि अगर इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की तर्ज पर एक नया कानून बनाकर अत्याचारों से सुरक्षा दी जाएगी। यह ईबीसी आउटरीच पहल ऐसे समय में शुरू की गई है, जब कुछ ही दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव का एलान हो सकता है। पटना में 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' नाम से कार्यक्रम हुआ था। जिसमें कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के अन्य नेता भी शामिल हुए।



**राहुल गांधी ने क्या कहा?**

कांग्रेस नेता एक्स पर लिखा, भाजपा चाहे जितने भी झूठ बोले और ध्यान भटकाने की साजिश करे, हम अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पित हैं। बिहार में अति पिछड़ा समाज को मजबूत बनाने और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए हमने 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' में ठोस वादे किए हैं। शिक्षा इन समुदायों की प्रगति का सबसे बड़ा साधन है, इसलिए इस क्षेत्र में उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष संकल्प हैं। उन्होंने आगे लिखा, अब निजी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में भी आरक्षण लागू होगा, निजी स्कूलों की आरक्षित आधी सीटें एससी/एसटी/ओबीसी/ईबीसी बच्चों को मिलेंगी और नियुक्तियों में 'उपयुक्त नहीं पाया गया' जैसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था खत्म होगी। यह केवल शिक्षा नहीं, बल्कि अति पिछड़ों की बराबरी और सम्मान की लड़ाई है। यही है सच्चा सामाजिक न्याय और समान विकास की गारंटी।

बुधवार को अपने संक्षिप्त भाषण में राहुल गांधी ने दस प्रमुख संकल्प भी पढ़े, जो खासकर ईबीसी वर्ग और आमतौर पर एससी, एसटी, ओबीसी जैसे वंचित समुदायों के कल्याण से जुड़े हैं। नीतीश कुमार सरकार में कुछ साल पहले कराए गए सर्वे के मुताबिक, बिहार की कुल आबादी में ईबीसी की हिस्सेदारी 36 फीसदी है। राहुल गांधी ने वादा किया कि ईबीसी के लिए अत्याचार निवारण कानून बनाया जाएगा। स्थानीय निकायों और पंचायतों में ईबीसी को मिलने वाला आरक्षण 20 से बढ़ाकर 30 फीसदी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी को मिलाकर सरकारी ठेकों (25 करोड़ रुपये तक), निजी शिक्षण संस्थानों में दाखिले और भूमिहीन परिवारों को शहरी क्षेत्रों में तीन डिसिमल व ग्रामीण क्षेत्रों में पांच डिसिमल जमीन देने की गारंटी होगी।

# पाकिस्तान में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पुलिस कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या की

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार सुबह अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने एक पुलिस कांस्टेबल की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) सलीम अब्बास कुलाची ने बताया कि उत्तरी वजीरिस्तान की सीमा से लगे बन्नू जिले की दोमेल तहसील के बाचा खान चौक पर यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद हमलावरों ने ड्यूटी पर जा रहे कांस्टेबल कुद्दुस पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कांस्टेबल को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

कांस्टेबल कुद्दुस यहां वजीर अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के साथ पहरेदार के रूप में तैनात थे और हमले के तुरंत बाद पुलिस की एक टुकड़ी मौके पर पहुंची तथा इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

डीपीओ कुलाची ने कहा कि जिले के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुरू किए गए हैं। पाकिस्तान में पिछले साल से आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है।

विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में सरकार के साथ अपने संघर्ष विराम को समाप्त कर दिए जाने के बाद यह हमले अधिक तेजी से बढ़ रहे हैं।

# लीबिया कैंपेन केस में फंसे फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी, हुई 5 साल की जेल

पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को गुरुवार को पाँच साल की जेल की सज़ा सुनाई गई, जब पेरिस की एक अदालत ने उन्हें लीबिया के साथ अवैध चुनावी वित्तपोषण के लिए आपराधिक षड्यंत्र रचने का दोषी पाया। सरकोजी, जिन्होंने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है, पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर तत्कालीन अलग-थलग पड़ी लीबियाई सरकार का समर्थन करने के बदले में गद्दाफी के साथ चुनावी वित्तपोषण का सौदा करने का आरोप लगाया गया था।



न्यायाधीश, जिन्होंने सरकोजी को भ्रष्टाचार सहित अन्य आरोपों से बरी कर दिया, ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि सरकोजी ने गद्दाफी के साथ ऐसा कोई सौदा किया था, न ही यह कि लीबिया से भेजा गया पैसा सरकोजी के चुनाव अभियान कोष में पहुंचा। सार्कोज़ी की सज़ा का मतलब है कि चाहे वे अपील करें या न करें, उन्हें जेल जाना ही होगा। जज ने सार्कोज़ी को 100,000 यूरो का जुर्माना भी भरने का आदेश दिया।

# पाक के जाल में फंसता जा रहा बांग्लादेश, UNGA से इतर यूनुस ने शहबाज शरीफ से की मुलाकात

ढाका। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, गुरुवार को यह घोषणा की गई। ये बैठकें बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर हुईं, जहाँ तीनों नेता सत्र में भाग लेने के लिए मौजूद थे। पाकिस्तान के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शरीफ की यूनुस के साथ 'गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण' बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और व्यापार, क्षेत्रीय संपर्क और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित विविध क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश के साथ



रचनात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जो आपसी सम्मान, विश्वास और क्षेत्रीय शांति एवं समृद्धि की साझा आकांक्षाओं पर आधारित हो। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बैठक के दौरान, यूनुस ने संबंधों को गहरा करने की पाकिस्तान की पहल की सराहना की और द्विपक्षीय व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया कि बैठक सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण माहौल में हुई, जो दोनों देशों की अपनी जनता की भलाई और दक्षिण एशिया की स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की पारस्परिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

एक अन्य बयान के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में श्रीलंका के स्थायी मिशन में आयोजित प्रधानमंत्री शरीफ और राष्ट्रपति दिसानायके की बैठक में उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, द्विपक्षीय व्यापार, शैक्षिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रक्षा सहयोग सहित कई क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-श्रीलंका द्विपक्षीय संबंधों की मज़बूत प्रकृति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की पुष्टि की कि आने वाले वर्षों में ये संबंध और भी मज़बूत होते जाएँगे। प्रधानमंत्री ने सभी क्षेत्रों में श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की।

Facebook: https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 Twitter: https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित । कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)